नरसिंहपुर, मंडला, जबलपुर, कटनी,भोपाल, इंदौर, मुंबई, दिल्ली, रायपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

yashbharat.co.in

नये जमाने के साथ..

यश भारत

● वर्ष-11 अंक-139 ● नरसिंहपुर ● शुक्रवार , 6 नवम्बर , 2026 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 12 ● विक्रम संवत् 2083

हंसकर काम करो ताकि मन हल्का रहे। तनाव के साथ काम आगे नहीं बढ़ता।

यूजर्स की पोस्ट के लिए सोशल मीडिया कंपनियां भी होंगी जिम्मेदार, सरकार सेफ हार्बर सुरक्षा खत्म करने की तैयारी में

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और एक्स (X) जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की कानूनी जवाबदेही बढ़ाने की तैयारी कर रही है। सरकार सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों में बदलाव कर इन कंपनियों को मिलने वाली सेफ हार्बर सुरक्षा खत्म करने पर विचार कर रही है। ऐसा होने पर यूजर्स की ओर से पोस्ट किए गए कंटेंट, वीडियो और कमेंट के लिए सोशल मीडिया कंपनियों को भी कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकेगा। अभी तक इन प्लेटफॉर्म्स को यूजर्स की सामग्री के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं माना जाता। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने इस संबंध में सोशल मीडिया नियमों में संभावित बदलावों पर चर्चा शुरू कर दी है। प्रस्ताव के तहत आईटी एक्ट की धारा 79 के अंतर्गत मिलने वाली कानूनी सुरक्षा के दायरे को सीमित किया जा सकता है। सरकार इस सुरक्षा को सोशल मीडिया कंपनियों से हटाकर इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, टेलीकॉम और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स तक सीमित करने पर विचार कर रही है। वर्तमान व्यवस्था में आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत सोशल मीडिया कंपनियों को सेफ हार्बर का संरक्षण मिलता है। इसका मतलब है कि किसी यूजर की ओर से पोस्ट की गई सामग्री के लिए प्लेटफॉर्म को सामान्यतः जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता, बशर्ते वह कानून के तहत निर्धारित शर्तों और उचित सावधानियों का पालन करे। इसी व्यवस्था के चलते मेटा, गूगल और एक्स जैसी कंपनियां यूजर जनरेटेड कंटेंट के आधार पर बड़े कारोबारी साम्राज्य खड़े कर सकी हैं।सरकार के एक वर्ग का मानना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अब केवल सूचनाओं के आदान-प्रदान का माध्यम नहीं रह गए हैं।



हरदीप निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित, भाजपा का 10वीं सीट पर कब्जा

कांग्रेस की 100 से ज्यादा खामियों की आपत्तियां खारिज, हेमंत कटारे बोले- हाईकोर्ट में चुनौती देंगे

भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित हो गए हैं। उनके निर्वाचन के साथ ही प्रदेश में राज्यसभा की 11 सीटों का राजनीतिक समीकरण भी बदल गया है। अब मध्यप्रदेश से राज्यसभा में भाजपा के 10 और कांग्रेस का एक सदस्य रहेगा। इससे पहले भाजपा के नौ और कांग्रेस के दो सदस्य थे। पुरी के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा के साथ ही भाजपा ने प्रदेश में राज्यसभा की एक और सीट पर कब्जा जमा लिया है।

पुरी के नामांकन को लेकर कांग्रेस ने शुरुआत से ही सवाल खड़े किए थे। पार्टी ने उनके नामांकन और शपथपत्र में 100 से अधिक कमियां होने का दावा करते हुए निर्वाचन अधिकारी के समक्ष आपत्तियां दर्ज कराई थीं। कांग्रेस ने विशेष रूप से शपथपत्र में पत्नी के नाम का उल्लेख नहीं होने, विदेशों में स्थित संपत्तियों का विवरण अमेरिकी डॉलर और स्विस फ्रैंक में दिए जाने तथा जेनेवा स्थित संपत्ति और विदेशी बैंक खातों की जानकारी को लेकर सवाल उठाए थे। इसके अलावा नोटरी सत्यापन और शपथपत्र प्रमाणित करने की प्रक्रिया पर भी आपत्ति जताई गई थी। हालांकि, रिटर्निंग ऑफिसर उमेश कुमार शर्मा ने सभी आपत्तियों को खारिज करते हुए पुरी के नामांकन को वैध माना। इसके बाद उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।



कांग्रेस ने निर्वाचन अधिकारी के फैसले को स्वीकार करने के बजाय अब इसे हाईकोर्ट में चुनौती देने की तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही चुनाव याचिका दायर की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हरदीप सिंह पुरी को निर्वाचित घोषित किए जाने के बाद कांग्रेस की कानूनी टीम हाईकोर्ट में इलेक्शन पिटीशन दायर करेगी। कटारे के मुताबिक, पार्टी नामांकन से जुड़ी आपत्तियों और निर्वाचन अधिकारी के फैसले को न्यायालय के समक्ष रखेगी।

दरअसल, राज्यसभा की यह सीट केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। मुरुगन ने 14 अक्टूबर को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था, जिसके बाद निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश में उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू की। भाजपा ने 28 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को अपना उम्मीदवार घोषित किया था। इसके बाद 31 अक्टूबर को पुरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में विधानसभा पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया था।

कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी के मुकाबले निर्दलीय उम्मीदवार राजकुमार लोहानी को समर्थन दिया था। लोहानी ने कांग्रेस विधायकों के समर्थन से नामांकन दाखिल किया, लेकिन अनिवार्य फॉर्म-26 का शपथपत्र संलग्न नहीं होने के कारण उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। उन्होंने दस्तावेजों की कमी पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था, लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने उनकी मांग स्वीकार नहीं की। वहीं, दूसरे निर्दलीय प्रत्याशी कांते सायन्ना का नामांकन भी दस्तावेजों में अधूरी जानकारी के कारण खारिज कर दिया गया। इस तरह दोनों निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन निरस्त होने के बाद हरदीप सिंह पुरी चुनाव मैदान में अकेले वैध प्रत्याशी रह गए और उनका निर्विरोध निर्वाचन सुनिश्चित हो गया।पुरी के निर्वाचन के साथ ही मध्यप्रदेश की राज्यसभा में भाजपा की स्थिति और मजबूत हो गई है। वहीं, कांग्रेस ने निर्वाचन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कानूनी लड़ाई का रास्ता चुना है। अब सबकी निगाहें कांग्रेस की प्रस्तावित चुनाव याचिका और हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई पर रहेंगी।

तमिलनाडु-केरल में ईडी की 11 जगह छापेमारी, को-ऑपरेटिव सोसायटी में करोड़ों की हेराफेरी का आरोप

नई दिल्ली ईएमएस। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को तमिलनाडु और केरल में 11 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई भारत लजना मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी और उसके प्रमोटर आर. प्रेमकुमार के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत की गई। ईडी की कोच्चि यूनिट ने पीएमएलए के तहत यह कार्रवाई की। एजेंसी के मुताबिक, प्रेमकुमार सोसायटी के संस्थापक सदस्य होने के साथ वास्तविक चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर भी हैं। आरोप है कि उन्होंने सोसायटी में लोगों द्वारा जमा कराई गई करोड़ों रुपये की रकम अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कराई। जांच एजेंसी का यह भी आरोप है कि सोसायटी का रागम थिएटर गिरवी रखकर प्राप्त रकम संस्था के खाते में जमा नहीं कराई गई। इसके अलावा कांचीपुरम में करीब 500 एकड़ जमीन पत्नी के नाम पर खरीदने का आरोप भी है।

रोनाल्डो का इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास



लिस्सबन, एजेंसी।क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। 41 साल की उम्र में उनके इस फैसले के साथ ही पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए उनका 23 साल लंबा शानदार सफर समाप्त हो जाएगा। रोनाल्डो ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश जारी कर अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवंबर के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद वह पुर्तगाल की प्रतिष्ठित नंबर-7 जर्सी टीम को लौटा देंगे। उनके संन्यास के साथ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के एक ऐसे अध्याय का अंत होगा, जिसमें उन्होंने गोल, रिकॉर्ड और उपलब्धियों के मामले में पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई। रोनाल्डो ने 20 अगस्त 2003 को कजाकिस्तान के खिलाफ पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम से अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी। उस समय उनकी उम्र महज 18 साल थी। शुरुआती दौर में अपनी रफ्तार, शानदार ड्रिब्लिंग और गोल करने की क्षमता से पहचान बनाने वाले रोनाल्डो ने धीरे-धीरे खुद को दुनिया के सबसे प्रभावशाली फुटबॉल खिलाड़ियों में स्थापित कर लिया। 23 वर्षों के दौरान उन्होंने पुर्तगाल के लिए 234 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले और 146 गोल दागे। अंतरराष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड भी उनके नाम दर्ज है। इसके अलावा उन्होंने 46 गोल में असिस्ट देकर अपने साथियों को गोल करने में मदद की।

भाजपा-कांग्रेस समेत 68 दलों के संविधान चुनाव आयोग के रिकॉर्ड से गायब, नौ महीने बाद भी नहीं हुआ अपडेट



नई दिल्ली, यशभारत। राजनीतिक दलों के कामकाज में पारदर्शिता लाने और उनके संगठनात्मक ढांचे की जानकारी सार्वजनिक करने के चुनाव आयोग के निर्देशों का देश की अधिकांश राजनीतिक पार्टियां पालन नहीं कर रही हैं। आयोग के आदेश के नौ महीने बाद भी भाजपा, कांग्रेस समेत 68 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के नए संविधान और संशोधित नियम सार्वजनिक रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो सके हैं। देश के कुल 73 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से केवल पांच ने ही आयोग के निर्देश के बाद अपने संविधान और संगठनात्मक नियमों की जानकारी अपडेट कराई है।

चुनाव आयोग ने 8 दिसंबर 2025 को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अपने संविधान में किए गए संशोधनों और संगठनात्मक नियमों की अद्यतन जानकारी आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने का निर्देश दिया था। इसका उद्देश्य राजनीतिक दलों की आंतरिक कार्यप्रणाली, संगठनात्मक चुनाव और निर्णय लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। इसके बावजूद अधिकांश दलों ने अब तक इस दिशा में जरूरी कार्रवाई नहीं की है। आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध रिकॉर्ड के मुताबिक, निर्देश के बाद जिन पांच दलों ने अपने दस्तावेज अपडेट कराए हैं, उनमें एआईएमआईएम, बीजू जनता दल, रिवोल्यूशनरी गोअन्स पार्टी, वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी और भारत आदिवासी पार्टी शामिल हैं। इसके उलट देश के छह राष्ट्रीय दलों में से किसी ने भी निर्देश के बाद अपने संविधान को नई तारीख के साथ सार्वजनिक रिकॉर्ड में दर्ज नहीं कराया है। इन राष्ट्रीय दलों में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी शामिल हैं। वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संविधान पर जुलाई 2022 और शिवसेना के संगठनात्मक दस्तावेज पर मई 2022 की तारीख दर्ज है। इससे राजनीतिक दलों के संगठनात्मक दस्तावेजों को नियमित रूप से अपडेट करने की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

मुरैना में नदी में नहाने गई तीन बच्चियां डूबी, मौत

मृतकों में दो सगी बहन

मुरैना, एजेंसी। मुरैना के कैलारस क्षेत्र में गुरुवार सुबह कार्तिक स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गांव के पास कुंवारी नदी में नहाने गई तीन नाबालिग बच्चियां गहरे पानी में चली गईं। डूबने से तीनों की मौत हो गई। मृतकों में दो सगी बहनें भी शामिल हैं। सूचना पर कैलारस थाना पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर तीनों बच्चियों के शव बाहर निकाले गए।तीनों बच्चियों के नदी में डूबने की सूचना मिलते ही कैलारस थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम ने नदी में सर्चिंग अभियान शुरू किया। मशक्कत के बाद तीनों बच्चियों के शव बरामद कर लिए गए।एसपी धर्मराज मीना के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाली बच्चियों की पहचान प्राची पुत्री भारत यादव (12), चंदा पुत्री भरत यादव (10) और निशि पुत्री भरत यादव (12) के रूप में हुई है। प्राची और चंदा सगी बहनें थीं। तीनों बच्चियों के शव कैलारस अस्पताल लाए गए, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई जा रही है।

शहडोल में बाघ ने बुजुर्ग को बनाया शिकार

भैंसों की तलाश में जंगल गए थे राजेंद्र, 24 घंटे में दूसरी मौत

शहडोल, यशभारत। जिले में जंगली जानवरों के हमलों ने दहशत फैला दी है। पिछले 24 घंटे के भीतर बाघ और तेंदुए के हमले में दो लोगों की जान चली गई। बुधवार रात पपौंध थाना क्षेत्र के छतवा गांव में भैंसों की तलाश में जंगल गए 60 वर्षीय बुजुर्ग राजेंद्र प्रसाद यादव को बाघ ने अपना शिकार बना लिया। हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाघ ने उनके पैर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था। लगातार दूसरी घटना सामने आने के बाद जंगल से लगे गांवों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए लापरवाही के आरोप लगाए हैं।



जानकारी के अनुसार, छतवा गांव के झील टोला निवासी राजेंद्र प्रसाद यादव (60), पिता शिवशंकर यादव, बुधवार रात करीब 11:30 बजे अपनी भैंसों को तलाशने के लिए गांव के नजदीक जंगल की ओर गए थे। इसी दौरान पनपथा बफर जोन क्षेत्र में उनका सामना बाघ से हो गया। बाघ ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। देर रात तक राजेंद्र के घर नहीं लौटने पर परिजन उनकी तलाश में जुटे, लेकिन घटना की जानकारी गुरुवार को सामने आई। सूचना मिलने पर पपौंध पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग को भी घटना से अवगत कराया गया। पुलिस के मुताबिक, मृतक के शरीर पर मिले निशानों के आधार पर परिजन और ग्रामीण बाघ के हमले में मौत होने की बात कह रहे हैं।इस घटना से ठीक एक दिन पहले ब्यौहारी क्षेत्र में तेंदुए ने 15 वर्षीय किशोरी को अपना शिकार बनाया था। किशोरी अपनी बहन के साथ घर की परछी में सो रही थी। तड़के तेंदुआ उसे उठाकर ले गया। बाद में घर से करीब 300 मीटर दूर झाड़ियों में उसका क्षत-विक्षत शव मिला था। लगातार दो दिनों में दो लोगों की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश और भय दोनों बढ़ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से लगे गांवों में वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ रही है, लेकिन वन विभाग की ओर से सुरक्षा और निगरानी के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।

राजेंद्र यादव की मौत के बाद परिजनों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित मुआवजे की मांग की है। वन विभाग के अधिकारियों ने नियमानुसार कार्रवाई और सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। पनपथा बफर जोन के एसडीओ फॉरेस्ट भूरा गायकवाड़ सहित वन विभाग का अमला घटनास्थल पर मौजूद है। लगातार हो रहे हमलों ने वन्यजीवों और ग्रामीण आबादी के बीच बढ़ते संघर्ष को लेकर गंभीर चिंता खड़ी कर दी है। जंगल से सटे गांवों में लोगों की सुरक्षा और वन विभाग की जवाबदेही अब बड़ा सवाल बन गई है।

दिल्ली में निर्माणाधीन तीन मंजिला इमारत ढही, दो की मौत, 4 घायल

मलबे में 15 लोगों के दबे होने की आशंका



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के पास गली सत्तारा में तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत अचानक भरभराकर ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार, मलबे में करीब 15 लोगों के दबे होने की आशंका है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दमकल, पुलिस, एनडीआरएफ और अन्य बचाव दलों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 9:50 बजे हुआ। सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। इमारत के आसपास की गलियों में रास्ता काफी संकरा होने के कारण बचाव अभियान में परेशानी आ रही है। इसके बावजूद बचाव दल मलबे को हटाकर उसमें फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं। घटनास्थल को पुलिस ने घेराबंदी कर सील कर दिया है और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इमारत में पिछले कुछ समय से निर्माण कार्य चल रहा था। करीब 15 दिन पहले निर्माण कार्य रोक दिया गया था। हादसे के वक्त मजदूर छत के नीचे लगाए गए सपोर्ट सिस्टम को हटा रहे थे। इसी दौरान पूरी इमारत अचानक ढह गई। एमसीडी के एक अधिकारी के मुताबिक, निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री इंजीनियरिंग मानकों के अनुरूप नहीं थी और उसे ठीक से सेट भी नहीं किया गया था। प्रारंभिक तौर पर इसे हादसे की वजह माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चल सकेगा।

जंतर-मंतर हिंसा मामले में शिकायतों का टोटा, जांच कमेटी अब तक बेनतीजा

प्रदर्शनकारियों और पुलिस पर हमले के पर्याप्त सबूत नहीं-सुको

नई दिल्ली, यशभारत। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान कथित हिंसा और पुलिस की ज्यादती के मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि घटना की जांच के लिए गठित हाई पावर्ड कमेटी को अब तक बेहद कम शिकायतें मिली हैं। पर्याप्त शिकायतें और साक्ष्य उपलब्ध नहीं होने के कारण कमेटी फिलहाल किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को पीड़ितों की ओर से पहले से दाखिल वीडियो, याचिकाएं और हलफनामे जांच कमेटी को सौंपने की अनुमति देते हुए संबंधित पक्षों से जवाब लेकर नियमित अंतराल पर अंतरिम रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।



पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता में गठित हाई पावर्ड इन्क्वायरी कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि शिकायतें आमंत्रित करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल, ईमेल और अन्य माध्यमों की व्यवस्था की गई थी, लेकिन इसके बावजूद बहुत कम लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। 29 अक्टूबर को हुई कमेटी की बैठक में महज एक शिकायतकर्ता हलफनामे के साथ उपस्थित हुआ था। कमेटी के मुताबिक, शिकायतों की संख्या और उपलब्ध सामग्री इतनी कम है कि घटना के संबंध में अभी कोई अंतिम राय बनाना संभव नहीं है। कमेटी ने बताया कि शिकायतें प्राप्त करने के लिए 13 अक्टूबर को ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया था। इस पर शिकायत दर्ज कराने के लिए नाम, आधार नंबर या अन्य पहचान संबंधी जानकारी देना अनिवार्य नहीं रखा गया था। पोर्टल तक पहुंच केवल कमेटी के चेयरमैन और संबंधित अधिकृत लोगों को दी गई है। इसके अलावा देशभर के 149 अखबारों में सार्वजनिक नोटिस प्रकाशित कर पीड़ितों और प्रत्यक्षदर्शियों से शिकायतें आमंत्रित की गई थीं। ईमेल, डाक और कमेटी के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से शिकायत देने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। 17 अक्टूबर को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई और 21 अक्टूबर को दोबारा शिकायतें मांगी गईं, लेकिन इन तमाम प्रयासों के बावजूद अपेक्षित शिकायतें नहीं मिलीं। कमेटी को ईमेल, डाक या कार्यालय में सीधे तौर पर भी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने कहा कि उन्होंने पोर्टल शुरू होने से पहले ही कमेटी को शिकायतें सौंप दी थीं। पोर्टल शुरू होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत एक और शिकायत भी जमा कराई गई थी। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने सुझाव दिया कि सुप्रीम कोर्ट में पहले से दाखिल वीडियो और अन्य दस्तावेज कमेटी को उपलब्ध करा दिए जाएं, ताकि प्रत्येक पीड़ित को अलग-अलग उपस्थित होकर अपनी बात रखने की जरूरत न पड़े।

हिरासत में लेते ही शुरू होगी 24 घंटे की समय सीमा

गिरफ्तारी दर्ज करने में देरी का नहीं मिलेगा फायदा

नई दिल्ली। यशभारत। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को किसी व्यक्ति को हिरासत में लेने के बाद मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की 24 घंटे की संवैधानिक समयसीमा को लेकर महत्वपूर्ण व्यवस्था दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि 24 घंटे की अवधि की गणना व्यक्ति को वास्तविक रूप से हिरासत में लेने के समय से शुरू होगी, न कि पुलिस या जांच एजेंसी द्वारा औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज किए जाने के समय से। इसका मतलब है कि जांच एजेंसियां किसी व्यक्ति को पहले हिरासत में रखकर बाद में उसकी गिरफ्तारी दिखाकर कानूनी समयसीमा को आगे नहीं बढ़ा सकतीं।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिरासत और औपचारिक गिरफ्तारी के बीच के अंतर का इस्तेमाल किसी व्यक्ति के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने के लिए नहीं किया जा सकता। यदि जांच एजेंसी किसी व्यक्ति को वास्तविक रूप से अपने नियंत्रण में ले लेती है, तो उसी समय से 24 घंटे की गणना शुरू हो जाएगी। इस अवधि में संबंधित व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना अनिवार्य होगा। उल्लंघन होने पर हिरासत की वैधता को चुनौती दी जा सकती है और व्यक्ति को रिहा करने का अधिकार बन सकता है।यह महत्वपूर्ण फैसला त्रिपुरा के चार लोगों की याचिका पर आया है। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि उन्हें हिरासत में लेने और उनकी औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज करने के बीच करीब 21 घंटे का अंतर रखा गया। इसी मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने 24 घंटे की संवैधानिक समयसीमा की व्याख्या स्पष्ट की।

ट्रंप की चुनावी हार पर ईरान में जश्न, तेहरान में अमेरिकी और इस्राइली नेताओं के पोस्टर जलाए

***तेहरान, एजेंसी।** अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को लगे बड़े झटके का असर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भी दिखाई देने लगा है। चुनावी नतीजों के बाद ईरान की राजधानी तेहरान में सरकार समर्थकों और कट्टरपंथी समूहों ने जश्न मनाते हुए अमेरिका और इस्राइल के शीर्ष नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पोस्टर जलाकर अपना विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान रिपब्लिकन पार्टी के कमजोर प्रदर्शन को लेकर उत्साह भी दिखाई दिया।*



ईरान में इन प्रदर्शनों को ट्रंप प्रशासन की नीतियों और दोनों देशों के बीच जारी तनाव के संदर्भ में देखा जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी नेतृत्व के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चुनावी नतीजों को ट्रंप की राजनीतिक मुश्किलों से जोड़कर पेश किया। ईरान और अमेरिका के बीच सैन्य तनाव तथा इस्राइल के साथ अमेरिका की नजदीकी लंबे समय से तेहरान की राजनीति में विरोध का प्रमुख मुद्दा रही है।

महंगाई और ईरान युद्ध ने बढ़ाई ट्रंप की मुश्किलें

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को हुए नुकसान के पीछे घरेलू अर्थव्यवस्था और विदेश नीति से जुड़े मुद्दों को अहम माना जा रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान पेट्रोल की बढ़ती कीमतें, रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की महंगाई और ईरान के साथ सैन्य टकराव मतदाताओं के बीच चर्चा के प्रमुख विषय रहे। डेमोक्रेटिक पार्टी ने इन मुद्दों को उठाकर ट्रंप प्रशासन को घेरा।

माना जा रहा है कि महंगाई और युद्ध से पैदा हुई आर्थिक अनिश्चितता ने रिपब्लिकन पार्टी के खिलाफ माहौल बनाने में भूमिका निभाई। ईरान से जुड़े संघर्ष को लेकर अमेरिकी नागरिकों की चिंता भी ट्रंप प्रशासन के लिए चुनौती बनी। युद्ध के आर्थिक प्रभावों और विदेश नीति को लेकर उठे सवालों ने चुनावी बहस को प्रभावित किया। नतीजों के बाद ईरान में हुए प्रदर्शनों को इसी राजनीतिक घटनाक्रम की अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है।

चुनावी झटके के बावजूद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के अपने फैसले का बचाव किया है।

उन्होंने स्वीकार किया कि ईरान युद्ध के कारण पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई, जिससे अमेरिकी नागरिकों पर महंगाई का दबाव बढ़ा। हालांकि, उनका कहना है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना जरूरी था।

ट्रम्प ने माना- ईरान जंग के कारण मिडटर्म हार

मौका मिला तो फिर करेंगे हमला



वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्वीकार किया है कि ईरान के साथ युद्ध का असर मिडटर्म चुनाव में उनकी रिपब्लिकन पार्टी के प्रदर्शन पर पड़ा और उसे बड़ा राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ा। चुनाव में पार्टी दोनों सदनों में अपना बहुमत गंवा चुकी है। इसके बावजूद ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को सही ठहराते हुए साफ कहा कि अगर उन्हें दोबारा फैसला लेने का मौका मिला तो वह फिर हमला करेंगे। उनका कहना है कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई करना जरूरी था और इसके अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं था।रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने माना कि ईरान के साथ युद्ध के चलते कुछ समय के लिए अमेरिका में पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई थी। इसका असर आम अमेरिकी नागरिकों पर पड़ा और चुनाव में मतदाताओं की नाराजगी भी सामने आई। हालांकि, ट्रम्प ने इस आर्थिक दबाव को सैन्य कार्रवाई रोकने की वजह मानने से इनकार कर दिया।

20 दिन में बिना जांच बहाली: डिप्टी सीएम के दखल और एमडी की तकरार में उलझा स्वास्थ्य महकमा

रीवा, यशभारत। श्याम शाह मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जीएमएच में 26 अगस्त को कल्पना मिश्रा की मौत हो गई थी। इस मामले में नेशनल हेल्थ मिशन की मिशन डायरेक्टर डॉ सलोनी सिदाना ने एक टीम जांच के लिए बनाई थी। जांच टीम रीवा मेडिकल कॉलेज पहुंची थी। टीम ने जांच किया और फिर रिपोर्ट लेकर लौट गई थी। इस जांच में डॉ सोनल अग्रवाल और डॉ गुंजर गोस्वामी की लापरवाही सामने आई थी। डॉ सोनल अग्रवाल को तो बर्खास्त कर दिया गया लेकिन डॉ गुंजर गोस्वामी का आदेश दबा दिया गया।



एक महीने तक आदेश दबा कर रखा गया। पहले डॉ गुंजन को निलंबित करने की योजना ही नहीं थी। हालांकि नेशनल हेल्थ मिशन की मिशन डायरेक्टर डॉ सलोनी सिदाना पीछे हटने कोक तैयार नहीं हुई। वह जिद पर अड़ गई थी। डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री की बात को भी मानने से इंकार दिया था। इसके बाद ही मजबूरी में डॉ गुंजन गोस्वामी को नए डीन डॉ शशिधर गर्ग ने 7 अक्टूबर को आदेश जारी कर निलंबित कर दिया था। अब 20 दिन बाद पूरी प्रक्रिया का पालन किए बिना ही डॉ गुंजर गोस्वामी को 28 अक्टूबर को बहाल कर दिया गया। इस कार्रवाई और बहाली ने कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। इस खेल में नियम का भी पूरा पालन नहीं किया गया है। सूत्रों की मानें तो डॉ गुंजन गोस्वामी को निलंबित करने पर नेशनल हेल्थ मिशन की मिशन डायरेक्टर डॉ सलोनी सिदाना अड़ी हुई थी। उन्होंने निलंबन का आदेश भी तत्कालीन डीन को भेज दिया था। इसकी जानकारी तत्कालीन डीन डॉ सुनील अग्रवाल ने डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला को दी। इसके बाद खलबली मच गई। डॉ गुंजन गोस्वामी और डॉ अभिषेक गोस्वामी का नजदीकी संबंध डिप्टी सीएम से रहे हैं। ऐसे में डॉ गुंजन पर कार्रवाई की बात आते ही उनके होश उड़ गए। फिलहाल निलंबन का आदेश रोक दिया गया। नेशनल हेल्थ मिशन की मिशन डायरेक्टर डॉ सलोनी सिदाना आईएएस हैं, उन्हें डिप्टी सीएम ने मनाने की कोशिश की लेकिन वह जिद पर अड़ी रही। यही वजह है कि सीएम की बैठक में उनका यह दर्द सामने आ गया था। इसी मामले को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा था अधिकारी उनकी सुनते नहीं हैं। बाद में डॉ गुंजन को निलंबित करना पड़ा। जब डॉ गुंजन गोस्वामी का डॉ कल्पना मिश्रा की मौत से कोई लेना देना नहीं था। उनकी कोई गलती नहीं थी तो उन्हें निलंबित क्यों किया गया। यह पूरा खेल क्यों खेला गया। फिर अचानक से 20 दिन बाद पूरी प्रक्रिया का पालन किए बिना ही डॉ गुंजन गोस्वामी को बहाल क्यों कर दिया गया। डॉ गुंजन गोस्वामी विभागीय जांच संबंधी नोटिस तक जारी नहीं की गई। उनका प्रतिवेदन लिया गया और परीक्षण कर बहाल कर दिया गया। इससे यह स्पष्ट है कि दाल में कुछ काला जरूर है। डॉक्टर टीचर एसोसिएशन ने भी सिर्फ डॉ गुंजन गोस्वामी की बहाली के लिए ही दबाव बनाया था। बहाली का आश्वासन मिलते ही हड़ताल खत्म कर दी गई। वहीं डॉ निधि और डॉ सोनल अग्रवाल को लेकर अब डॉक्टर टीचर एसोसिएशन ने चुप्पी साध ली हैइस पूरे मामले में अब डॉ निधि को बली का बकरा बनाया गया है। उनके लिए पूरी प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है। इनके लिए कमेटी बनाई गई है। नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। हद तो यह है कि इनकी जांच कमेटी में उन्हें सदस्य बना दिया गया जो खुद कार्रवाई के टारगेट में थी। डॉ पद्मा शुक्ला का भी भोपाल से आई टीम ने बयान लिया था। उन पर भी कार्रवाई तय थी। हालांकि मेडिकल टीचर एसोसिएशन के दबाव के कारण डॉ पद्मा शुक्ला बच गईं। अब उन्हें जांच टीम में शामिल किया गया है। वहीं अस्थि रोग विशेषज्ञ के एचओडी डॉ लखटकिया और अध्यक्ष बनाया गया

खूनी संघर्ष : बीच-बचाव करने आए 60 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत... हड़कंप

सागर, यशभारत। भानगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जुगपुरा में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में बीच-बचाव करने पहुंचे 60 वर्षीय बुजुर्ग अनरथ आदिवासी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मारपीट के दौरान हुई धक्का-मुक्की और गहरे सदमे के कारण बुजुर्ग की जान गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मर्ग कायम किया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना की शुरुआत उस समय हुई जब मृतक का भतीजा दीपक आदिवासी कंजिया से अपने घर लौट रहा था। दीपक ने बताया कि गांव के पास ही आरोपी मोहर सिंह लोधी, नितेश लोधी, जगत सिंह लोधी और मोनू लोधी मिलकर उसके भाई प्रकाश आदिवासी के साथ लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट कर रहे थे। प्रकाश को बचाने के लिए जब दीपक बीच में आया, तो आरोपियों ने उसकी भी बेरहमी से पिटाई कर दी।

बीच-बचाव करने पहुंचे बुजुर्ग बने शिकार

विवाद और शोर-शराबा सुनकर घर के पास मौजूद 60 वर्षीय अनरथ आदिवासी अपने भतीजों को बचाने के लिए मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों व परिजनों के अनुसार, आरोपियों ने बुजुर्ग के साथ भी अभद्रता करते हुए झूमा-झटकी और धक्का-मुक्की कर दी। घटना के तुरंत बाद अनरथ आदिवासी जैसे-तैसे अपने घर पहुंचे, लेकिन अत्यधिक घबराहट और सदमे के कारण वे



जमीन पर गिर पड़े। परिजनों द्वारा संभालते ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

बीना अस्पताल में हुआ पोस्टमार्टम

घटना की सूचना मिलते ही भानगढ़ थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेकर शव का पंचनामा तैयार किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए बीना के सिविल अस्पताल भेजा। बुधवार को डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

इन्होंने कहा...

'पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। रिपोर्ट और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अवैध मदिरा निर्माण : 8 प्रकरण दर्ज, गैंग फरार

मंडला, यशभारत। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा मंडला शहर सहित कटरा, बर्राटोला, नैनपुर एवं बिछिया क्षेत्र में अवैध मदिरा निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मंडला शहर के रामबाग स्थित नर्मदा कछार के किनारे अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों पर दबिश दी गई। वहीं कटरा एवं बर्राटोला सहित नैनपुर एवं बिछिया क्षेत्र में अवैध मदिरा विक्रय के मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई में 30 नग विदेशी मदिरा (गोवा), 72 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची मदिरा तथा 770 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 91 हजार 850 रुपये आंकी गई है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक, वृत्त प्रभारी एवं आबकारी अमले की सहभागिता रही। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रखने की बात कही गई है।



नरवाई प्रबंधन : किसानों को किया निर्देशित

मंडला, यशभारत। कलेक्टर के निर्देशन में ग्राम पंचायत मांगा, विकासखंड मवई में नरवाई प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को बताया गया कि फसल कटाई के बाद नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नरवाई जलाना दंडनीय है, शासन द्वारा 2500 से 15000 रूपये तक अर्थदण्ड का प्रावधान है। किसानों को निर्देशित किया गया कि कंबाइन हार्वेस्टर से कटाई के दौरान एसएमएस अनिवार्य रूप से लगवाएं, जिससे अवशेष खेत में समान रूप से फैल सके। नरवाई प्रबंधन हेतु हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रोटावेटर, स्ट्रा रीपर, मल्चर आदि यंत्रों की जानकारी दी गई। बेलर यंत्र के बारे में बताया गया कि यह नरवाई को कॉम्पैक्ट बंडलों में बांध देता है, जिससे परिवहन व भंडारण आसान होता है। इन बंडलों को अमित ग्रीन



सोल्यूशन एवं कौरगांव स्थित सीबीजी प्लांट द्वारा खरीदा जा रहा है, जो एसएटीएटी योजना के तहत बायो-गैस बनाते हैं। इससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है।

प्रोफेसर के भाई पर खास मेहरबानी: अपात्र पद पर अनुकंपा और 11 लाख के एरियर का खेल

ऑडिट आपत्ति से खुला कच्चा-चिट्ठा

रीवा, यशभारत। अवधेश प्रताप विश्वविद्यालय अवैध कारनामों और नियुक्तियों की खदान हो गई है। अब नया मामला एक प्रोफेसर के भाई को गलत तरीके से लाभ पहुंचाने का सामने आया है। यह मामला नया नहीं है। हालांकि मनमानी कर भाई को नियमित करने और एरियर का भुगतान कराने की कोशिश की जा रही है। फिर नियमितीकरण ऐसे विभाग में पदस्थ करना चाह रहे जिससे कोई भी गड़बड़ी उनकी अनुमति के बिना बाहर न आ पाए। यह पूरा मामला डॉ अतुल पाण्डेय और उनके भाई राहुल पाण्डेय का है। तत्कालीन कुलसचिव के आदेश क्रमांक/कार्मिक2016/805 दिनांक 14 अक्टूबर 2016 ने 8 आवेदकों की अनुकंपा नियुक्ति के आदेश जारी किए थे। इनमें से 1 नंबर पर अंकित राहुल पाण्डेय पिता केसी पाण्डेय थे। राहुल पण्डेय की मां श्रीमती सुमन पाण्डेय विवि में संचालित स्कूल में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थी। जिनकी मृत्यु दिनांक 19 नवंबर 2005 को हो गई थी। श्रीमती सुमन पण्डेय के पुत्र डॉ अतुल पाण्डेय विवि में प्रोफेसर के पद पर पहले से ही सेवारत रहे। । स्कूल के पद शासन से स्वीकृत नहीं थे। ना ही विवि के नियमित स्थापना के पदों में शमिल रहे। ऐसे में स्कूल के पद पर कार्यरत कर्मचारी के परिवार के सदस्य को विवि में नियमित पद पर अनुकंपा नियुक्ति दिया जाना और परिवार के सदस्य के सेवा में रहते हुए दूसरे सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिया जाना मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के आदेश क्रमांक 29 सितंबर 2014 की क्रमशः कंडिका 03.2 एवं कंडिका 4.1 का उल्लंघन है। इसके अलावा यहां एक और नियम तोड़ा गया। अनुकंपा नियुक्ति किसी भी परिजन के मृत्यु दिनांक से 7 साल के अंदर ही दिना जाना चाहिए लेकिन यहां राहुल पाण्डेय को 10 साल बाद अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी। डॉ अतुल पाण्डेय के भाई को नियमित करने की कोशिश लंबे समय से चल रही है। पहले तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी। इसमें कैमेस्ट्री विभाग के एचओडी प्रो एनपी पटेल, प्रो श्रीकांत मिश्रा और फिजिकल डिपार्टमेंट के संचालक प्रो रामभूषण मिश्रा को दी गई थी। हालांकि टीम के सदस्यों ने नियमितीकरण के फैसले पर कोई निर्णय नहीं लिया था। कोर्ट में मामला होने के कारण विधिक राय लेने की बात कही थी। टीम ने आपत्ति लगाई थी इसके बाद भी चुपके से कुलपति और प्रो अतुल ने रजिस्ट्रार के छुट्टी पर जाने का फायदा उठाया था। प्रभारी रजिस्ट्रार से साइन करा लिए थी। इसी के आधार पर राहुल पाण्डेय का एरियर निकालने की कोशिश की गई। बिल लगाया गया लेकिन ऑडिट में आपत्ति आ गई। 11 लाख से अधिक का भुगतान कराना चाह रहे थे। वह रुक गया। नियमितीकरण को भी गलत बता दिया गया। प्रमोशन कमेटी में पहले प्रो आरनएन पटेल, प्रो श्रीकांत मिश्रा, प्रो रामभूषण मिश्रा, उप कुल सचिव कार्मिक टीनेश्वरी धुर्वे ही शामिल थे। इसके बाद भाई को प्रमोशन दिलाने के लिए प्रो अतुल पाण्डेय को बीच में घुसेड़ा गया। कुलपति ने इनका नाम जोड़ा। प्रो अतुल पाण्डेय को प्रमोशन कमेटी में सह संचालक बनाया। हालांकि उनकी मंशा पर पानी फेर दिया गया। दो दिन पहले विवि में प्रमोशन समिति की बैठक बुलाई गई थी। इसी में पूरा खेल कर देना था लेकिन किस्मत दगा दे गई। प्रमोशन ही अवैध निकल गया।

नाबालिग के हत्यारोपी का जेल से बाहर आते ही शक्ति प्रदर्शन

बोलेरो के बोनट पर बैठकर पी सिगरेट, निकाला वाहनों का काफिला!

सतना, यशभारत। हत्या के एक गंभीर मामले में करीब 14 महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आए 23 वर्षीय मान सिंह उर्फ बेटू सिंगरौल का जेल से निकलते ही शक्ति प्रदर्शन चर्चा का विषय बन गया। जेल के दरवाजे पर समर्थकों ने फूल-मालाओं से उसका स्वागत किया। इसके बाद बोलेरो गाड़ी के बोनट पर बैठकर सिगरेट पीते हुए उसका वीडियो सामने आया। समर्थकों ने वाहनों के काफिले और बाइक रैली के साथ शहर में जश्न मनाया। मंगलवार देर शाम जेल से निकला यह काफिला बिरला रोड होते हुए सिद्धार्थ कॉलोनी पहुंचा। इस दौरान समर्थकों की भीड़, गाड़ियों का काफिला और बाइक रैली के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। हत्या के मामले में आरोपी रहे युवक के इस तरह सार्वजनिक रूप से जश्न मनाने और शक्ति प्रदर्शन करने को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं।





नाबालिग की हत्या के मामले में था आरोपी

मान सिंह उर्फ बेटू सिंगरौल सत्यम शुक्ला (16) की हत्या के मामले में जेल में बंद था। यह वारदात 4 सितंबर 2025 को कोलगवां थाना क्षेत्र में एफसीआई गोदाम के पास हुई थी। पुलिस के अनुसार, घटना के दिन दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सूर्यप्रताप सिंह एक दुकान पर चाय पीने के लिए रुका था। इसी दौरान बेटू सिंगरौल अपने साथियों वेद मिश्रा और आयुष द्विवेदी के साथ वहां पहुंचा। तीनों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान आयुष ने सूर्यप्रताप का मोबाइल छीन लिया। मोबाइल वापस मांगने पर वेद ने उस पर गोली चला दी। हालांकि, सूर्यप्रताप झुक गया और गोली उसे नहीं लगी।

बीच-बचाव करने पहुंचे सत्यम को सीने में मारी गोली

विवाद बढ़ता देख 16 वर्षीय सत्यम शुक्ला बीच-बचाव करने पहुंचा। उसने आरोपियों से कट्टा अलग रखने के लिए कहा। पुलिस के मुताबिक, इसी बात पर आरोपी नाराज हो गए और सत्यम के सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही सत्यम खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर

जमानत के बाद जश्न ने खड़े किए सवाल

एक ओर 16 वर्षीय सत्यम की हत्या का मामला अभी न्यायिक प्रक्रिया में है, वहीं दूसरी ओर आरोपी के जेल से बाहर आते ही फूल-मालाओं, गाड़ियों के काफिले और बाइक रैली के साथ किए गए शक्ति प्रदर्शन ने नई बहस छेड़ दी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या गंभीर आपराधिक मामलों में आरोपियों के प्रति सार्वजनिक महिमामंडन को सामान्य माना जाना चाहिए? अब इस पूरे घटनाक्रम पर पुलिस की भूमिका और आगे की कार्रवाई को लेकर भी निगाहें टिकी हैं।

अस्पताल के गेट पर छोड़कर भागे थे आरोपी

घटना के बाद आरोपियों पर घायल सत्यम को अस्पताल पहुंचाने के बजाय बिरला अस्पताल के गेट पर छोड़कर भागने का आरोप है। बाद में परिजन उसे बेहतर उपचार के लिए रीवा ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बेटू सिंगरौल समेत चार आरोपियों को जेल भेजा था। करीब 14 महीने बाद मान सिंह को अदालत से जमानत मिली है। हालांकि, जमानत का अर्थ आरोपों से बरी होना नहीं है और मामले में न्यायिक प्रक्रिया जारी है।

688 करोड़ की लागत से बनेगा सागर का वेस्टर्न बायपास, निर्माण कार्य तेज

सागर, यशभारत। सागर शहर को भारी वाहनों के दबाव और आए दिन लगने वाले जाम से राहत दिलाने के लिए निर्माणाधीन वेस्टर्न बायपास का काम तेजी से जारी है। लेहदरा से बरखेड़ी गुरु तक बनने वाले इस बायपास की लंबाई 20.19 किलोमीटर होगी। परियोजना पर कुल 688.31 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए कलेक्टर दिलीप यादव ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से काम की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन फ्लाईओवर, प्रस्तावित रैंप और अधिग्रहित जमीनों के लेआउट का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि काम में तेजी लाई जाए, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजना के निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित मापदंडों के अनुसार काम पूरा कराने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। निर्माण कार्य के लिए जमीन अधिग्रहण से प्रभावित गांवों के किसानों और भू-स्वामियों से भी कलेक्टर ने चर्चा की। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और राजस्व अधिकारियों को मुआवजे की गणना तथा वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़े मामलों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी न हो।



कलेक्टर ने फौती, नामांतरण, सीमांकन, नक्शा सुधार और सिंचित-असिंचित भूमि से संबंधित लंबित प्रकरणों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। जिन मृतक भू-स्वामियों के मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हैं, उनकी सूची तैयार करने को कहा गया। इसके साथ ही ऐसे लंबित मामलों की पहचान करने के निर्देश दिए गए, जिनका निराकरण आपसी सहमति से किया जा सकता है। अधिकारियों को इन प्रकरणों में अनावश्यक देरी से बचने और प्रभावित लोगों को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।

वेस्टर्न बायपास को सुरक्षित बनाने के लिए भी कलेक्टर ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वन क्षेत्र से गुजरने वाले मार्ग के दोनों ओर बाउंड्री वॉल और जालीदार फेंसिंग लगाने को कहा गया, ताकि वन क्षेत्र से सड़क पर आने वाले जानवरों और अन्य संभावित खतरों से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जहां जरूरत हो, वहां रिटेनिंग वॉल का निर्माण कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा प्रमुख चौराहों पर पर्याप्त संकेतक लगाने और आधुनिक यातायात नियंत्रण व्यवस्था विकसित करने को कहा गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बायपास पर वाहनों की आवाजाही सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए निर्माण के दौरान ही जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सड़क पर यातायात के दबाव और दुर्घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएं। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, राजस्व विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और निर्माण कंपनी को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का समय पर निर्वहन करें, ताकि परियोजना का काम निर्धारित गति से आगे बढ़ सके। इस बायपास का मुख्य उद्देश्य सागर शहर को भारी वाहनों के दबाव से राहत दिलाना और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना है। परियोजना पूरी होने के बाद सागर शहर को उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर से सीधा जोड़ने में मदद मिलेगी। इससे शहर के भीतर से गुजरने वाले भारी वाहनों का दबाव कम होने और जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। निर्माण कार्य एमएस आर्केन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई के पीडी मृदुल राकेश मिश्रा, एसडीएम सागर रोहित वर्मा, एसडीएम जैसीनगर नवीन

सागर में बनेगा 101 फीट लंबा और 11 फीट ऊंचा विशाल गोवर्धन पर्वत

सागर, यशभारत। सागर में इस वर्ष गोवर्धन पूजा का आयोजन भव्य स्तर पर किया जाएगा। नगर निगम और पशुपालन संघ के संयुक्त तत्वावधान में हफसिली स्थित डेयरी विस्थापन परियोजना स्थल पर कार्यक्रम आयोजित होगा। इसका मुख्य आकर्षण गोबर और मिट्टी से तैयार किया जा रहा 101 फीट लंबा और 11 फीट ऊंचा विशाल गोवर्धन पर्वत होगा। आयोजकों के अनुसार, शहर में पहली बार इतने बड़े आकार का पर्वत बनाया जा रहा है। आयोजन स्थल पर भगवान श्रीकृष्ण की पर्वत उठाए हुए प्रतिमा और गौमाता की आकर्षक झांकी भी स्थापित की जाएगी। पूरे परिसर को रंगों और रोशनी से सजाया जा रहा है। नौ नवंबर को होने वाले इस आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। तैयारियों का जायजा लेने निगमायुक्त



राजकुमार खत्री ने हफसिली स्थित आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, गोवर्धन पर्वत निर्माण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पर्वत निर्माण के लिए स्थल का माप कराकर चूने से सीमांकन भी कराया गया। कार्यक्रम में बुंदेलखंड की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। मोनिया, दिवाली और ग्वाल नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। ढोल, ताशे और नगड़िया की थाप पर कलाकार और श्रद्धालु उत्सव में शामिल होंगे। आयोजन के दौरान सामूहिक 56 भोग अन्नकूट प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। स्थानीय नागरिक और पशुपालक अपने घरों से विभिन्न पकवान लाकर भगवान श्रीकृष्ण को भोग अर्पित करेंगे। पशुपालक अपनी गायों को सजाकर लाएंगे और सामूहिक गौपूजन करेंगे। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि आयोजन के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ नागरिकों को स्वच्छता, शहर की सुंदरता और समग्र विकास के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया

तेज रफ्तार ट्रक ने पुलिस वाहन को मारी टक्कर, डीएसपी घायल





सिवनी यशभारत।

जिले के नेशनल हाईवे-44 स्थित छपारा बाईपास चौराहे पर बड़ा सड़क हादसा सामने आया है। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने बालाघाट 36वीं बटालियन के सरकारी पुलिस वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, पुलिस वाहन में 36वीं बटालियन के डीएसपी विमलेश उईके, उनके गनमैन, ड्राइवर और एक आरक्षक सवार थे। सभी जबलपुर से बालाघाट लौट रहे थे। इसी दौरान जबलपुर की ओर से पीछे आ रहे ट्रक ने पुलिस वाहन



को टक्कर मार दी। हादसे में डीएसपी विमलेश उईके को मामूली चोट आई है। छपारा पुलिस की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं, पुलिस वाहन को टक्कर मारने के बाद ट्रक कुछ दूरी पर जाकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। फिलहाल छपारा पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच में जुटी है।

अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग की कार्रवाई, 4 वाहन जप्त

सिवनी यशभारत। कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के नियम 18 एवं 19 के अंतर्गत अवैध रूप से खनिज रेत का परिवहन करते पाए जाने पर विभिन्न स्थानों से वाहनों को जप्त कर संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 02 नवंबर 2026 को सिवनी बायपास में सहायक खनि अधिकारी श्री मुकेश वाडिया द्वारा खनिज दल के साथ जांच के दौरान हाईवा वाहन क्रमांक एमएच 40 सीडी 4406 को अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक जावेद खान, पिता मोहम्मद इश्तियाक खान, निवासी देवरीमाल, तहसील लखनादौन, जिला सिवनी से वाहन जप्त कर डूंडासिवनी थाना परिसर में खड़ा कराया गया तथा अवैध परिवहन का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

बंडोल क्षेत्र में मैगजीन और विस्फोटक भंडारण का औचक निरीक्षण



सिवनी यशभारत। विस्फोटक पदार्थों के सुरक्षित भंडारण और सुरक्षा मानकों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्व विभाग एवं पुलिस दल द्वारा बंडोल थाना क्षेत्र में संचालित मैगजीन और विस्फोटक भंडारण स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में विस्फोटक पदार्थों, पटाखों और मैगजीनों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में एसडीएम सिवनी एवं एसडीओपी सिवनी के साथ थाना प्रभारी बंडोल द्वारा विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुर्तजा एक्सप्लोसिव, ग्राम टोला पिपरिया; मां शारदा एक्सप्लोसिव, ग्राम सोनाडोंगरी तथा एस.आर.के. इंटरप्राइजेज, ग्राम बांकी एवं टोला पिपरिया में संचालित मैगजीनों की जांच की गई। इस दौरान विस्फोटक सामग्री के भंडारण, सुरक्षा मानकों, लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर तथा अग्निशमन व्यवस्था का बिंदुवार निरीक्षण किया गया। संबंधित संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन एवं पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई का उद्देश्य विस्फोटक पदार्थों के भंडारण में निर्धारित सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना तथा किसी भी संभावित दुर्घटना की आशंका को रोकने के लिए आवश्यक सतर्कता बनाए रखना है।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सिवनी यशभारत।

कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने बुधवार को जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं एवं आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी पंजीयन, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने जिला चिकित्सालय के ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर (ओटी), शिशु वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), एसएनसीयू, एनसीडी, जनरल वार्ड, ईएनटी सहित विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकों से वार्डवार उपलब्ध सुविधाओं, मरीजों की संख्या, उपचार व्यवस्था एवं आवश्यक संसाधनों की जानकारी ली तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे चर्चा कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने मरीजों से चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे उपचार, दवाइयों की उपलब्धता, जांच सुविधाओं, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। मरीजों द्वारा बताई गई आवश्यकताओं एवं सुझावों पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने चिकित्सालय में उपलब्ध दवाइयों का भी अवलोकन किया। उन्होंने आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता की नियमित समीक्षा करने तथा मरीजों को शासन के प्रावधानों के अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही दवाइयों के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित रखने और आवश्यकता के अनुसार समय पर मांग प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

एनआरसी एवं शिशु वार्ड के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने बच्चों के परिजनों से चर्चा कर उपचार एवं पोषण संबंधी जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कुपोषित एवं कमजोर बच्चों के उपचार के साथ उनके पोषण स्तर में सुधार के लिए नियमित निगरानी करने तथा परिजनों को बच्चों के पोषण एवं देखभाल के संबंध में आवश्यक जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने एसएनसीयू एवं अन्य वार्डों में उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं एवं उपकरणों की स्थिति का भी जायजा लिया तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए। एनसीडी इकाई में गैर-संचारी रोगों की जांच एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए सेवाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने चिकित्सालय परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों को शासन की स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख एवं सहज दिखाई देने वाले स्थानों पर फ्लेक्स, सूचना बोर्ड एवं अन्य प्रचार सामग्री लगाने के लिए कहा, ताकि पात्र हितग्राही योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ ले सकें।

उन्होंने चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने तथा मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को चिकित्सालय की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करते हुए मरीजों को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. विनोद नावकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

बीएसी/ सीएसी नियुक्ति प्रक्रिया पर उठे सवाल

सिवनी यशभारत। जिले में बीएसी/ सीएसी नियुक्ति एवं काउंसिलिंग प्रक्रिया को लेकर मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस ने गंभीर सवाल उठाए हैं। संगठन ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा संभावित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बीएसी/ सीएसी नियुक्ति के लिए निर्धारित पात्रता मापदंडों का कड़ाई से पालन होना चाहिए। विशेष रूप से 52 वर्ष से अधिक आयु के अभ्यर्थियों तथा एक ही पद पर चार वर्ष से अधिक समय से कार्यरत व्यक्तियों की पात्रता को लेकर नियमों के पालन पर सवाल उठाए गए हैं। संगठन ने मांग की है कि उच्च पद प्रभार प्राप्त शिक्षकों को भी प्रक्रिया में शामिल करते हुये सभी अभ्यर्थियों की पात्रता की निष्पक्ष जांच की जाए तथा रिक्त पदों, पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची और काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी सार्वजनिक की जाए, ताकि किसी भी योग्य शिक्षक के साथ अन्याय न हो। मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशीष बघेल ने कहा कि बीएसी/ सीएसी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी होनी चाहिए।

वृन्दावन ग्राम में देशी गाय दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता आयोजित, तीन पशुपालकों को मिले नकद पुरस्कार

सिवनी यशभारत। मुख्यमंत्री गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के अंतर्गत वृन्दावन ग्राम सुकतरा, विधानसभा क्षेत्र बरघाट में देशी गाय दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। इसमें श्रीमती चमरी बाई कोहरे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर एक लाख रुपए का पुरस्कार हासिल किया। वहीं नंदकिशोर ठाकुर द्वितीय स्थान पर रहे, जिन्हें 50 हजार रुपए तथा श्रीमती अनिता कोहरे ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 25 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्राप्त की।

सिवनी पुलिस की तीन बड़ी कार्रवाई, जुआ खेलते 13 आरोपी गिरफ्तार; गांजा तस्करी करते पकड़ाया युवक

डुण्डासिवनी और बंडोल में जुआ फड़ों पर दबिश, 11,520 रुपये नगद व ताश के पत्ते जब्त; कोतवाली पुलिस ने 253 ग्राम गांजा किया बरामद

सिवनी यशभारत। जिले में जुआ-सट्टा और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए सिवनी पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में डुण्डासिवनी, बंडोल और कोतवाली पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि गांजा बेचने की फिराक में खड़े एक युवक को पकड़कर उसके कब्जे से 253 ग्राम गांजा और नगदी बरामद की गई। तीनों मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई करते हुए प्रकरण विवेचना में लिए हैं।

डुण्डासिवनी में जुआ फड़ पर दबिश, आठ आरोपी गिरफ्तार

डुण्डासिवनी थाना क्षेत्र के ज्ञानी मोहल्ला, कबीर वार्ड में जुआ खेले जाने की सूचना पर पुलिस ने 2 नवंबर को दबिश दी। पुलिस ने मौके से आठ आरोपियों अक्षय वर्मा, गौरव डेहरिया, रविशंकर तिवारी, पीयूष तिवारी, संतोष तिवारी, निहाल सहारे, केतन सल्लाम और विकास सोनी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से कुल 6,920 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। सभी के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

बंडोल पुलिस ने ग्राम सागर में पकड़ा जुआ फड़, पांच गिरफ्तार

बंडोल थाना क्षेत्र के ग्राम सागर में 3 नवंबर को जुआ खेले जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने सड़क के दोनों ओर से घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों शशिभूषण पिता ओमप्रकाश सिंह राजपूत (37), निवासी चन्दोरीकला; पनीराम पिता सुमरीलाल उइके (30), रविन्द्र पिता बालचन्द उइके (38), मनीराम पिता सुमरी उइके (40) और बब्लू पिता गंगाराम रंगारे (25), सभी निवासी ग्राम सागर, को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान 4,600 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए।

कोतवाली पुलिस ने 253 ग्राम गांजा और नगदी जब्त

कोतवाली पुलिस ने 2 नवंबर को एरीकेशन कॉलोनी, सिवनी के पीछे मैदान में गांजा बेचने की नीयत से खड़े एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक की पहचान अक्षय पिता कामता प्रसाद रजक (30), निवासी बारापत्थर, शास्त्री वार्ड, सिवनी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 253 ग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 3,500 रुपये बताई गई है, तथा 250 रुपये नगद बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

तीनों कार्रवाई में 14 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस की तीनों कार्रवाइयों में कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जुआ संबंधी दोनों मामलों में 11,520 रुपये नगद और 104 ताश के पत्ते जब्त किए गए, जबकि कोतवाली पुलिस ने अलग कार्रवाई में 253 ग्राम गांजा और 250 रुपये नगद बरामद किए। पुलिस द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

जोड़ा पुल को मुरम से पाटा, बारिश के पानी की निकासी पर मंडराया खतरा



करोड़ों की लागत से बने पुल के आसपास खाली भूमि पर मुरम का भंडारण, पुल के हिस्से को भी मिट्टी से पाटने का आरोप; पटवारी ने दीपावली के बाद सीमांकन

सिवनी यशभारत। जिला मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर नागपुर रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर ग्राम पंचायत बोरदई क्षेत्र के जोड़ा पुल के आसपास मुरम के भंडारण और पुल को मुरम से पाटे जाने का मामला सामने आया है। पुल के पश्चिम दिशा में सड़क से लगी खाली भूमि पर बड़े पैमाने पर मुरम जमा की गई है। वहीं, पुल के हिस्से में भी मुरम भर दिए जाने से बारिश के पानी की निकासी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

गौरतलब है कि करोड़ों रुपये की लागत से हाल ही में इस पुल का निर्माण कराया गया है। इसके बावजूद पुल के आसपास इस तरह मुरम का भंडारण और भराव किया जाना भविष्य में परेशानी का कारण बन सकता है। स्थानीय स्तर पर आशंका जताई जा रही है कि यदि पुल के प्राकृतिक जल निकासी मार्ग को बाधित किया गया तो बारिश के दौरान पानी की निकासी प्रभावित हो सकती है। इससे आसपास के निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित होने का खतरा बना रहेगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जोड़ा पुल के मरझोर की ओर दोनों तरफ मोक्षधाम की भूमि भी स्थित रही है। ऐसे में पुल के आसपास की खाली भूमि पर किए जा रहे मुरम के भंडारण और भराव की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए सीमांकन कराया जाना जरूरी है।

दीपावली के बाद होगा सीमांकन

इस संबंध में हल्का पटवारी पवन चौधरी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद संबंधित भूमि का सीमांकन कराया जाएगा। अब सवाल यह है कि सीमांकन होने तक पुल के आसपास मुरम का भंडारण और भराव जारी रहता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? समय रहते संबंधित राजस्व एवं निर्माण विभाग द्वारा स्थल का निरीक्षण कर भूमि की वास्तविक स्थिति, मुरम भंडारण की वैधता और पुल की जल निकासी व्यवस्था की जांच की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में बारिश के दौरान निचले क्षेत्रों के रहवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

शालाओं में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को सीखने का कार्य भी हो



तुम्हें डांटने नहीं, चर्चा करने आया हूं: संयुक्त संचालक

सिवनी यशभारत। जिला शिक्षा संचनालय जबलपुर के संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी का सिवनी प्रवास हुआ इस दौरान उन्होंने सिवनी केवलारी बरघाट के प्राचार्य की बैठक उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में आयोजित की गई इस दौरान उन्होंने प्राचार्य से उनके दायित्व को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए कहां की मैं तुम्हें किसी प्रकार से निर्देश देने नहीं बल्कि आपके द्वारा आपकी कर प्रणाली के संबंध में चर्चा करने आया हूं शालाओं में सिर्फ पढ़ाई करना ही सब कुछ नहीं है, विद्यार्थियों को पढ़ाई के अतिरिक्त सिखाने का कार्य भी करना जरूरी है आगे उन्होंने कहा कि कक्षा मैं अध्यापन कराने वाले शिक्षक की जवाबदारी है कि वह ऐसा अध्यापन कारण जिससे विद्यार्थियों में अध्यापन के प्रति रुचि बढ़े, इस संबंध में उन्होंने प्राचार्य को इस बात के लिए भी निर्देश दिए की प्राचार्य कक्षा का निरीक्षण भी करें जिससे कक्षा की वास्तविक स्थिति से अवगत निर्देश भी दिए हैं।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सहायक शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे महेश गौतम महेंद्र सैयाम श्री कंगाले श्री बरकडे, सहित प्राचार्य डेजी जैन, आभा सिंह राजेश्वरी धुर्वे, रिचा सनोदियाशशि साहू, श्री दीक्षित डीके बिसेन, सुषमा साहू बिपनेश जैन ढालसिंह राकेशिया ए मरावी प्रदोष कटरे, राजेश बिसेन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य महेश गौतम द्वारा इस बैठक कि भविष्य में आने वाले परिणामों को लेकर विस्तार से बात रखी गई।



बीए प्रथम वर्ष के बिगड़े परीक्षा परिणाम को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

छपारा यशभारत। नगर के शासकीय महाविद्यालय मैं अध्यनरत बी ए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के बिगड़े परीक्षा परिणाम को लेकर बुधवार को एन एस यू आई द्वारा प्रदर्शन कर कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि एन एस यू आई के जिला प्रभारी साजिद खान के नेतृत्व में शासकीय महाविद्यालय छपारा के बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी एवं वेबसाइट पर ए आई जनरेटेड परिणाम अपलोड होने के विरोध में ज्ञापन एवं प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एन एस यू आई कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपकर परीक्षा परिणाम में हुई त्रुटियों को जल्द से जल्द सुधारने की मांग की। वही आगे अपने ज्ञापन में कहा कि परीक्षा परिणाम में इस प्रकार की गंभीर लापरवाही से विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा परिणाम में हुई सभी त्रुटियों को शीघ्र सुधारकर संशोधित परिणाम जारी किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक प्रभारी लखन राजपूत, शासकीय महाविद्यालय अध्यक्ष सना खान, टीना साहू, भूमि वडीबा, उज्ज्वल ठाकुर, अमन खान, कृष्णा राठौर, महजबीन खान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

ग्रीन और येलो बेल्ट हासिल कर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, कोच सीता मसराम के मार्गदर्शन में मिली सफलता

कराटे बेल्ट परीक्षा में गुरुकुल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

सिवनी यशभारत।

शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित बरघाट के गुरुकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। सिवनी में आयोजित कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न बेल्ट प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे बरघाट क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।

इन विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता

कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में कठिन अभ्यास, लगन और अनुशासन का परिचय देते हुए विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की।



इनमें कक्षा सातवीं के नीलांश सिंह राजपूत ने ग्रीन बेल्ट हासिल की। वहीं, येलो बेल्ट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा दूसरी के हुनर राहंगडाले, कक्षा तीसरी के देवांश राहंगडाले और कक्षा सातवीं की रितिका दुबे शामिल हैं।

कोच सीता मसराम के मार्गदर्शन में मिली उपलब्धि

विद्यार्थियों की इस सफलता में कराटे कोच सुश्री सीता मसराम का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। उनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने नियमित अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी की। इस उपलब्धि ने विद्यार्थियों की मेहनत और खेल के प्रति उनकी रुचि को उजागर किया है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और कराटे कोच को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शारीरिक एवं मानसिक मजबूती, आत्मरक्षा और अनुशासन भी विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कराटे जैसी विधा में सफलता हासिल करना उनकी मेहनत, एकाग्रता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा और खेल, दोनों क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ने तथा अपने परिवार, विद्यालय और बरघाट क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गुरुकुल परिवार विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें एक सशक्त नागरिक बनाने के लिए सदैव प्रयासरत है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर गुरुकुल पब्लिक स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्टाफ और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी- गौतम

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नितेश गौतम ने सफल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि परिश्रम, निरंतर अभ्यास और अनुशासन सफलता के मूल मंत्र हैं। सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प के बल पर कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि से यह साबित किया है कि लगन और मेहनत से आगे बढ़ने के रास्ते खुलते हैं।

सार्वजनिक परिवहन के कंपनी कारण पर उठे सवाल, पुन: विचार की मांग

कंपनी आधारित परिवहन व्यवस्था से किराए में वृद्धि का दबाव बढ़ सकता है: तेजवली



सिवनी यशभारत। मध्य प्रदेश शासन की मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत निजी वाहन मालिकों को कंपनी के माध्यम से बस संचालन की अनुमति देने और प्रदेश के चार संभागों को केंद्र बनाकर 2500 बसें संचालित करने की प्रस्तावित व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए जिला प्राइवेट बस एसोसिएशन के अध्यक्ष तेज बाली सिंह ने कहा है कि इस नीति को लेकर सरकार से पुन: विचार करने की मांग की है।

उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का मूल उद्देश्य आम नागरिकों को सस्ती सुरक्षित और सुलभ यातायात सुविधा उपलब्ध कराना होना चाहिए, ना की केवल मुनाफा कमाना, देश के विभिन्न राज्यों में सार्वजनिक परिवहन सेवाएं सड़क परिवहन निर्गमन के माध्यम से संचालित होती रही है। श्री तेजबली सिंह ने आगे कहा है कि मध्य प्रदेश में इससे पहले भी 23 जून 2018 को 1600 वर्ष के साथ सम सूत्र सेवा शुरू की गई थी लेकिन यह प्रयोग सफल नहीं हो सका इसके अलावा इंदौर भोपाल जबलपुर और उज्जैन में नगर निकायों के माध्यम से विशेष कंपनियों द्वारा सार्वजनिक परिवहन सेवाएं शुरू की गई थी जिन्हें घाटे और क प्रबंधन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा जिस तरह दूरसंचार और बिजली क्षेत्र का क्षेत्र में सरकारी व्यवस्थाओं को कंपनी में बदलने के बाद आम उपभोक्ताओं को आपेक्षिक लाभ नहीं मिल पाया अब सार्वजनिक सड़क परिवहन को भी कंपनी मॉडल की ओर ले जाना इसी क्रम का अगला कदम हो सकता है।

अपने आगे कहा कि कंपनी आधारित परिवहन व्यवस्था में मुनाफे को प्राथमिकता मिलने से ग्रामीण मार्गों पर बस सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं और किराए में वृद्धि का दबाव बढ़ सकता है इसका सीधा असर विद्यार्थियों मजदूर किसानों और उन आम नागरिकों पर पड़ेगा जो रोजमर्रा की आवागमन के लिए सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर हैं स्वास्थ्य शिक्षा सुरक्षा और परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है सार्वजनिक परिवहन को केवल आर्थिक लाभ के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए कंपनी कारण के बजाय मध्य प्रदेश सड़क परिवहन निगम को पुन: जीवित कर शासकीय नियंत्रण में बस सेवाओं का संचालन किया जाए

संपादकीय

कर्ज की गिरफ्त में दम तोड़ती पारिवारिक खुशियां



भोपाल के मालीखेड़ी में कर्ज के बोझ से दबे नरेंद्र साहू द्वारा मां, पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या के बाद खुद आत्महत्या कर लेने की घटना महज एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि हमारे बदलते सामाजिक और आर्थिक ढांचे पर करारा तमाचा है। एक व्यक्ति पर हर महीने करीब 40 हजार रुपये ब्याज चुकाने का दबाव था। मकान, कार और बाइक बेचने के बाद भी कर्ज खत्म नहीं हुआ। आर्थिक दबाव के साथ अन्य परिस्थितियां भी इस घटना से जुड़ी बताई जा रही हैं। सवाल यह है कि आखिर कर्ज का बोझ इंसान को किस हद तक तोड़ रहा है और हमारा समाज ऐसी परिस्थितियों को रोकने के लिए क्या कर रहा है?

आज कर्ज लेना जितना आसान हुआ है, उससे निकलना उतना ही कठिन होता जा रहा है। बैंक, फाइनेंस कंपनियां और निजी साहूकार हर जरूरत के लिए ऋण उपलब्ध करा रहे हैं। बाजार ने भी एक ऐसी संस्कृति विकसित कर दी है, जिसमें जरूरत से ज्यादा इच्छाओं को महत्व दिया जा रहा है। महंगी गाड़ी, बड़ा मकान, ब्रांडेड सामान और भव्य आयोजन सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक बना दिए गए हैं। लोग अपनी आमदनी नहीं, दूसरों की जीवनशैली देखकर खर्च करने लगे हैं। आसान किस्तों का आकर्षण भविष्य की आर्थिक परेशानियों को छिपा देता है। फिर एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लिया जाता है और परिवार ब्याज के ऐसे भंवर में फंस जाता है, जहां उसकी पूरी कमाई दूसरों की जेब में जाने लगती है।

सबसे खतरनाक स्थिति अवैध सूदखोरी की है। ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज देने वाले लोग मजबूरी का फायदा उठाते हैं। वसूली के नाम पर धमकी, अपमान और मानसिक प्रताड़ना व्यक्ति को भीतर तक तोड़ देती है। दूसरी ओर, वित्तीय संस्थानों की ऋण वसूली प्रक्रिया को भी मानवीय और जवाबदेह बनाने की जरूरत है। आर्थिक संकट किसी अपराध का औचित्य नहीं हो सकता, लेकिन संकटग्रस्त व्यक्ति को समय रहते सहायता न मिलना भी व्यवस्था की गंभीर विफलता है।

अब सरकार को केवल आर्थिक विकास और ऋण वितरण के आंकड़ों से आगे बढ़कर परिवारों की आर्थिक सुरक्षा पर ध्यान देना होगा। अवैध सूदखोरी पर कठोर कार्रवाई, ऋण पुनर्गठन की सरल व्यवस्था, कानूनी सहायता और मानसिक परामर्श केंद्र स्थापित करना समय की मांग है। स्कूलों से ही वित्तीय साक्षरता की शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी कर्ज और बचत का अंतर समझ सके।

समाज को भी आत्ममंथन करना होगा। आखिर हम आने वाली पीढ़ी को बचत और आत्मनिर्भरता की सीख देंगे या दिखावे के लिए कर्ज लेने की आदत? प्रतिष्ठा का पैमाना महंगी गाड़ी और आलीशान मकान नहीं, बल्कि कर्जमुक्त जीवन और खुशहाल परिवार होना चाहिए। भोपाल की घटना एक भयावह चेतावनी है। कर्ज की समस्या को केवल व्यक्ति की निजी विफलता मानकर छोड़ना घातक होगा। आर्थिक समृद्धि का वास्तविक अर्थ तभी है, जब बाजार की चमक के पीछे परिवारों का अंधेरा न छिपा हो।

कड़वे वचन



जीवन का यहनियम याद रखो। जो आप देने वाले हैं वह आपके पास लौटके आने वाला है। कई गुना बढ़कर आने वाला है। हर किसान यह नियम जानता है, मानता है और इस पर काम करता है। वह खेत में अच्छे व बेहतरीन बीज डालता है और फसल आने का इंतजार करता है। किसान यह जानता है मगर अफसोस है कि इंसान यह नहीं जानता। दिया कभी बेकार नहीं जाता । याद रखो दे जाना ही ल जाने का मार्ग है।

आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

पंचांगः-5 नवम्बर, 2026
दिन-गुरुवार, अश्विन शुक्ल 10
विक्रम संवत 2083

मेष
दिन सामान्य रहने वाला है
किसी की मदद करने
से खुशी मिलेगी

वृष
किसी विशेष कार्य को करने में दिन
व्यतीत होगा लोगों की
प्रशंसा मिल सकती है

मिथुन
आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी दिन
खुशनुमा रहने वाला है

कर्क
मानसिक उलझनें कम हो सकती हैं
खर्चों की अधिकता बनी रहेगी

सिंह
दिन अनुकूल रहने वाला है माता-पिता
का आशीर्वाद
लेकर कार्य करें

कन्या
धन लाभ होने के संकेत मिल रहे हैं
परिवार के साथ समय
व्यतीत कर सकते हैं

तुला
दिन उत्तम रहने वाला है सामाजिक कार्यों
में गतिविधियां बढ़ेगी

वृश्चिक
स्वास्थ्य में पहले से अब सुधार होगा योग
प्राणायाम अवश्य करें

धनु
घर में शुभ मांगलिक कार्य हो सकते हैं
मन प्रफुल्लित रहेगा

मकर
साझेदारी के काम को सोच समझ कर
आगे बढ़ाएं क्रोध में नियंत्रण रखें


कुंभ
खर्चों की अधिकता की वजह से आर्थिक
स्थिति प्रभावित रहेगी

मीन
वाणी में नियंत्रण रखकर कार्य करें दिन
सामान्य रहने वाला है

उमरिया/बालाघाट समाचार

एक महीने में 15 हजार 136 रूपए की स्टेशनरी का हुआ भुगतान





उमरिया, यश भारत। जिले की ग्राम पंचायत पतौर इन दिनों अपनी अलग सुर्खियां बटोरने में जुटा हुआ है। यहां शासकीय राशि के खर्च को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। पंचायत द्वारा स्टेशनरी सामग्री की खरीदी के नाम पर प्रस्तुत किए गए बिल ने खर्च की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिल में महज छह पेन की कीमत 300 रुपये दर्शाई गई है, यानी एक पेन की कीमत 50 रुपये बताई गई है। इस बिल के सामने आने के बाद पंचायत के खर्चों को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत पतौर द्वारा मानपुर स्थित अवन्या कम्प्यूटर सेंटर से स्टेशनरी सहित अन्य सामग्री की खरीदी दर्शाई गई है। इसमें छह पेन की कीमत 300 रुपये सहित कुल नौ प्रकार की सामग्री का मूल्य 15 हजार 136 रुपये दर्ज किया गया है। बिल सामने आने के बाद अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर सामान्य उपयोग में आने वाले पेन की कीमत 50 रुपये किस आधार पर निर्धारित की गई और खरीदी के लिए बाजार दरों का मिलान किया गया था या नहीं। अगर किया भी गया है तो ऐसा क्या था उस पेन की अनपढ़ प्रतिनिधि को 50 रुपए के पेन से ही लिखना ज़रूरी था।

अब मामले को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पंचायत ने सामग्री की वास्तविक खरीदी की थी या नहीं,या तो बिल भर में साम्रगी दर्शा दी गई।और राशि आहरित कर ली गई।अब सोचने की बात है कि शासकीय राशि जनता की गाढ़ी कमाई से आती है, ऐसे में उसके खर्च का हिसाब भी पूरी पारदर्शिता से होना चाहिए। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस बिल की जांच कराते हैं या फिर सरकारी राशि के खर्च पर उठे सवाल फाइलों में ही दफन होकर रह जाएंगे।

हार-जीत की बाजी लगाते 8 जुआरी गिरफ्तार

पुलिस के छापा मार कार्रवाई में नगदी 13050 हजार सहित तीन मोटरसाइकिल भी जप्त



उमरिया, यश भारत। जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम कंचनपुर मे बीती रात को हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 8 जुआरियों को नौरोजाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते, नगद 13हजार 50 रुपये और तीन मोटर साइकल भी जब्त किए हैं।एसपी के निर्देश पर नौरोजाबाद थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा के द्वारा अवैध गतिविधियों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कंचनपुर मे मुक्ति धाम के पीछे स्थित एक खेत में कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीती रात को खेत में दबिश दी। पुलिस को देखते ही जुआरी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर 8 आरोपियों को पकड़ लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नरेंद्र गोसाई उम्र 30 वर्ष निवासी घुलघुली, अब्दुल हसन उम्र 25 वर्ष निवासी कंचनपुर, मधुगिरी गोसाई उम्र 32 वर्ष निवासी घुलघुली, रिंकू खान उम्र 39 वर्ष निवासी कंचनपुर, छोटू शाहिद उम्र 32 वर्ष निवासी कंचनपुर, शाहबाज हसन उम्र 28 वर्ष निवासी कंचनपुर, विजयपाल सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी रहठा, एवं रजा मोहम्मद उम्र 38 वर्ष निवासी कंचनपुर के रूप मे हुई पुलिस ने मौके से जुए के दांव में लगे नगदी 13050 रुपये, ताश के पत्ते और तीन मोटरसाइकिल सहित 1,53,050 जब्त किए, सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। वहीं जब इस संबंध में थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा से जानकारी चाही गई। तो उन्होंने बताया कि उपरोक्त कारवाई सही है और आगे भी ऐसी ही कारवाई जारी रहेगी।

इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों को मिलेगा कस्टम्स और जीएसटी का मार्गदर्शन



मुंबई, यश भारत। इलेक्ट्रॉनिक्स आयात और निर्यात कारोबार को आसान बनाने के उद्देश्य से ऑल इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (AIE) वेस्ट ज़ोन ने ट्रेड ब्रिज एडवाइज़र्स LLP (TBA) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत TBA को कस्टम्स, जीएसटी और विदेश व्यापार नीति के मामलों में एसोसिएशन का नॉलेज एवं एडवाइजरी पार्टनर बनाया गया है।

समझौते पर U AIEA की ओर से राष्ट्रीय महासचिव मितेश मोदी और अध्यक्ष मनोज अडवानी ने हस्ताक्षर किए। वहीं ट्रेड ब्रिज एडवाइज़र्स की ओर से फाउंडिंग पार्टनर एवं रिटायर्ड ढ्ढक्र अधिकारी आरके जैन तथा एसोसिएट पार्टनर राजीव मागू ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों को आयात-निर्यात शुल्क, टैरिफ में बदलाव, मुक्त व्यापार समझौतों (FTA), जीएसटी और सरकार की नई व्यापार योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। रिटायर्ड IRS अधिकारियों का अनुभव कारोबारियों को नियमों और प्रक्रियाओं को समझने में मदद करेगा। TBA सदस्यों की व्यापार संबंधी समस्याओं को संबंधित सरकारी विभागों के सामने उठाने, नीतिगत सुझाव देने और उनके समाधान में सहयोग करेगा। इसके अलावा हर तिमाही सेमिनार, संवाद सत्र और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

रिटायर्ड IRS अधिकारी देंगे टैरिफ और व्यापार नीतियों की जानकारी

नए सरकारी नोटिफिकेशन और व्यापार नीतियों में बदलाव की जानकारी भी समय पर उपलब्ध कराई जाएगी।IEA महासचिव मितेश मोदी ने कहा कि बदलते व्यापार नियमों के बीच सदस्यों को भरोसेमंद मार्गदर्शन मिलेगा। वहीं आरके जैन ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य सरकारी नीतियों और व्यापारियों के बीच की दूरी कम करना तथा कारोबार को सुगम बनाना है।

बाघ के हमले से चरवाहे की मौत, देर रात मिला शव



उमरिया, यश भारत। बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ के हमले से एक बुजुर्ग चरवाहे की मौत का मामला सामने आया है। बुधवार को जंगल के अंदर मवेशी चराने गए चरवाहे का शव देर रात जंगल में मिला। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, घटना पनपथा बफर परिक्षेत्र के छतवा क्षेत्र अंतर्गत जमुनिया के जंगल की है। जमुनिया निवासी राजेन्द्र यादव (65 वर्ष) बुधवार को रोजाना की तरह अपने मवेशियों को चराने जंगल गया था। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद जंगल में राजेन्द्र का शव बरामद हुआ। शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया बाघ के हमले में मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मृतक के पैर में गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। बताया जा रहा है कि पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। क्षेत्र संचालक डॉ अनुपम सहाय सहित वन विभाग के अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं। साथ ही आसपास के जंगल क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर बांधवगढ़ के जंगल से लगे गांवों में रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों में वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग उठ रही है।

धान उपार्जन के लिए शेष किसान 11 नवंबर तक करा सकेंगे पंजीयन

बालाघाट, यशभारत। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन से वंचित रह गए बालाघाट जिले के किसानों को शासन ने एक और अवसर प्रदान किया है। शासन द्वारा किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 11 नवंबर 2026 निर्धारित कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए किसानों के पंजीयन की प्रारंभिक अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई थी। इसके बाद पंजीयन से वंचित किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने पंजीयन की अवधि बढ़ाकर 4 नवंबर तक कर दी थी। इसके बावजूद बालाघाट जिले में कुछ किसान अपना पंजीयन नहीं करा पाए हैं। ऐसे किसानों की सुविधा को देखते हुए शासन ने एक बार फिर पंजीयन की तिथि में वृद्धि की है। अब 4 नवंबर तक पंजीयन नहीं करा पाए किसान अपने निर्धारित पंजीयन केंद्र पर पहुंचकर 11 नवंबर तक समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं।

जिले के शेष रह गए किसानों से अपील की गई है कि वे बढ़ाई गई अवधि का लाभ उठाते हुए निर्धारित समय-सीमा में अपना पंजीयन अवश्य करा लें, ताकि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।

एसडीएम ने किया गांवों का भ्रमण, पटवारियों को रोज 40 से 50 रजिस्ट्री के दिये निर्देश



बालाघाट, यश भारत। स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करने एसडीएम विजय सिंह यादव ने बुधवार सुबह कटंगी विकासखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रगति वाले गांवों में पहुंचकर संबंधित पटवारियों से कार्य की जानकारी ली और रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

एसडीएम श्री यादव ने ग्राम उमरी, लखनवाड़ा, बोपली एवं घुनाड़ी का भ्रमण किया। उन?होंने ग्रामीणों को योजना की जानकारी देते हुए बताया कि जिन हितग्राहियों के नाम पर पट्टा जारी हो चुका है, उन्हें शासन द्वारा निःशुल्क रजिस्ट्री की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने ऐसे रिश्तेदारों को भी योजना की जानकारी देने की अपील की, जो गांव से बाहर हैं, ताकि वे गांव पहुंचकर पटवारी से संपर्क कर अपनी रजिस्ट्री करा सकें। उन्होंने कोटवार एवं सर्वेयर को भी अधिक से अधिक लोगों को बुलाकर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए। उन?होंने पटवारियों को निर्देशित किया कि दिन में सर्वर संबंधी समस्या आने पर रात्रिकालीन कैंप आयोजित कर रजिस्ट्रियां संपादित करें। एसडीएम श्री यादव ने पटवारियों को लगातार 3 से 4 दिन रात्रि कैंप लगाने तथा प्रतिदिन न्यूनतम 40 से 50 रजिस्ट्रियां करने का लक्ष्य दिया गया।

एसडीएम श्री यादव ने ग्राम घुनाड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन?होंने मौजूद आंगनवाडी कार्यकर्ता से बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार की जानकारी ली। एसडीएम श्री यादव ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को निर्धारित रोस्टर के अनुसार बेहतर शिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने 11 से 20 तारीख तक आयोजित होने वाले वजन मेले में सभी बच्चों का वजन कराने तथा अभिभावकों को बच्चों की उम्र के अनुसार उचित वजन की जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही वजन में कमी अथवा वृद्धि के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति जागरूक करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने महिलाओं को दी जाने वाली आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियों की भी जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बताया कि एनीमिया महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्या है। इसलिए गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को निर्धारित 200 आयरन गोलियां अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने महिलाओं को गोलियों के सही सेवन की जानकारी देने तथा एनीमिया से बचाव के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए, ताकि महिलाएं स्वस्थ रहें और स्वस्थ बच्चों के जन्म में सहभागी बन सकें।

शहीद टीआई दिलीप पुरी गोस्वामी के हत्यारों पर कठोर कार्रवाई की मांग, ब्लॉक कांग्रेस ने सौंपा



तेंदूखेड़ा, यशभारत। देवास जिले के खातेगांव में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप पुरी गोस्वामी की अवैध शराब माफिया द्वारा ट्रक से कुचलकर हत्या किए जाने के मामले में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तेंदूखेड़ा ने आक्रोश जताते हुए मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक के नाम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तेंदूखेड़ा को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीलेश यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने और प्रदेश में सक्रिय अवैध शराब माफिया पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 1 नवंबर 2026 की रात खातेगांव में कर्तव्य पर तैनात थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी को अवैध शराब माफिया से जुड़े लोगों द्वारा ट्रक क्रमांक एमपी 43 एच 4786 से कुचलकर मार दिया गया। कांग्रेस ने इसे कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए घटना पर दुख और आक्रोश व्यक्त किया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मांग की कि हत्या के आरोपियों, नेटवर्क के मुख्य सरगना, वाहन मालिक एवं चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत कठोर कार्रवाई करते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराई जाए। साथ ही दिवंगत अधिकारी को शहीद का दर्जा, परिवार को एक करोड़ रुपए की सम्मान निधि और परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाए। ज्ञापन में मध्यप्रदेश से गुजरात तक फैले अवैध शराब तस्करी नेटवर्क की उच्चस्तरीय जांच, माफियाओं पर कार्रवाई तथा पुलिस अधिकारियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन एवं प्रभावी सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने की मांग भी की गई।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जनपद अध्यक्ष तोलाराम यादव रघुनाथ यादव आशीष साहू पितांबर साहू सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित रहे

विद्युत व्यवस्था की समीक्षाः कृषि उपभोक्ताओं को प्रतिदिन 10 घंटे बिजली देने के निर्देश



बालाघाट, यश भारत। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता इंजी. एस.के. गिरिया ने बालाघाट प्रवास के दौरान जिले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था एवं विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। भरवेली स्थित स्ह्वढ्ढरुके सभाकक्ष में अधीक्षण अभियंता इंजी. दीपक कुमार उईके की उपस्थिति में आयोजित बैठक में जिले के विद्युत विभाग के अधिकारियों को उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने और विभागीय योजनाओं को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कार्यपालन अभियंता रवि कुमार कुम्हरे (बालाघाट), बाबूलाल भैना (वारासिवनी) एवं चंद्रहास चंद्राकर (एसटीसी/एसटीएम) सहित बालाघाट, वारासिवनी एवं बैहर संभाग के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान मुख्य अभियंता ने रबी सीजन को देखते हुए कृषि उपभोक्ताओं को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने तथा घरेलू उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। औद्योगिक एवं मिक्स फीडरों पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति बनाए रखने के साथ 33 केवी एवं 11 केवी लाइनों में बार-बार होने वाली ट्रिपिंग के कारणों का पता लगाकर सुधारात्मक कार्रवाई करने को कहा गया। फीडर, वितरण ट्रांसफॉर्मर और पावर ट्रांसफॉर्मरों के नियमित रखरखाव तथा ओवरलोडिंग की स्थिति पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए।

राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए मुख्य अभियंता ने निर्धारित लक्ष्य का शत-प्रतिशत हासिल करने के लिए विशेष वसूली अभियान चलाने को कहा। तीन माह से अधिक समय से बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं, टॉप-50 बड़े बकायादारों और छह माह से भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की अलग-अलग सूची तैयार कर प्राथमिकता से वसूली करने के निर्देश दिए गए। पात्र मामलों में ष्ठक्र के माध्यम से बैंक खाते की उपलब्ध जानकारी के आधार पर नियमानुसार कुर्की सहित वैधानिक कार्रवाई करने को कहा गया। फ्लैट रेट पंप उपभोक्ताओं तथा समाधान योजना की किस्तें जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से भी लंबित राशि की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

दीपावली से पहले कर्मचारियों को झटका: डीए और एरियर के आदेश के बाद भी कोषालयों में अटका भुगतान, पोर्टल की विंडो बंद

भोपाल,यशभारत।

मध्य प्रदेश के साढ़े सात लाख से अधिक शासकीय कर्मचारियों के लिए दीपावली का उल्लास फीका पड़ता नजर आ रहा है। शासन के वित्त विभाग द्वारा 30 अक्टूबर को 2 प्रतिशत बढ़े हुए महंगाई भत्ते और महंगाई राहत के आदेश जारी कर दिए गए हैं, लेकिन तकनीकी बाधाओं के चलते यह राहत कागजों से जमीन पर उतरती नहीं दिख रही है। आलम यह है कि आदेश जारी होने के चार दिन बाद भी कोषालयों में भुगतान के लिए देयक नहीं लग पा रहे हैं, जिसकी मुख्य वजह एरियर पोर्टल पर भुगतान की विंडो का बंद होना है।



10 महीने के एरियर का लाभ, पर प्रक्रिया पर लगा ब्रेक

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने इस पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग के आदेश के अनुसार जनवरी से सितंबर तक के 9 महीने के एरियर की पहली किस्त नवंबर में, दूसरी दिसंबर में और तीसरी जनवरी में दी जानी है। चूंकि 30 अक्टूबर को आदेश जारी होने से पहले सितंबर का वेतन मिल चुका था, इसलिए कर्मचारियों को नियमानुसार 10 महीने का एरियर मिलना चाहिए। लेकिन, आईएफएमआईएस पोर्टल की साइट और भुगतान विंडो बंद होने के कारण कोषालय स्तर पर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है।

कर्मचारी संघ की दो टूक: 6 नवंबर तक खुले विंडो-

श्रेणीवार बढ़ेगा वेतन और एरियर का गणित

2% डीए बढ़ने से विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के मासिक वेतनमें यह वृद्धि होगी:

प्रथम श्रेणी: ?2,462 से ?3,000 प्रति माह
द्वितीय श्रेणी: ?1,346 से ?1,600 प्रति माह
तृतीय श्रेणी: ?390 से ?1,200 प्रति माह
चतुर्थ श्रेणी: ?310 से ?400 प्रति माह

वहीं, 10 महीने के कुल एरियर का लगभग एक-तिहाई हिस्सा पहली किस्त के रूप में मिलना है:

प्रथम श्रेणी: कुल ?24,620 से ?30,000
द्वितीय श्रेणी: कुल ?13,460 से ?16,000
तृतीय श्रेणी: कुल ?3,900 से ?12,000
चतुर्थ श्रेणी:कुल ?3,100 से ?4,000

कर्मचारी संगठनों ने दो टूक मांग की है कि दीपावली के पावन पर्व से पहले कर्मचारियों के खातों में पहली किस्त की राशि हर हाल में पहुंचनी चाहिए। संघ ने वित्त विभाग से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए प्रदेश के सभी कोषालयों के लिए भुगतान हेतु आईएफएमआईएस की विंडो को तुरंत खुलवाने की मांग की है, ताकि समय रहते देयक प्रस्तुत हो सकें और कर्मचारी इस पर्व को खुशी के साथ मना सकें।



पटाखे चलाते समय आंखों की सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान : एम्स भोपाल

दिवाली पर सुरक्षात्मक चश्मा पहनें, आंख में चोट लगने पर तुरंत विशेषज्ञ से लें सलाह

भोपाल ,यश भारत।

दीपावली पर आतिशबाजी के दौरान थोड़ी सी लापरवाही आंखों के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। इसे देखते हुए एम्स भोपाल ने लोगों के लिए एडवाइजरी जारी कर सुरक्षित दिवाली मनाने की अपील की है। एम्स ने पटाखे हमेशा वयस्कों की निगरानी में चलाने और छोटे बच्चों को अकेले आतिशबाजी नहीं करने देने की सलाह दी है। एडवाइजरी के अनुसार पटाखे खुले और सुरक्षित स्थान पर चलाएं तथा आंखों को धुएं, कणों और तेज रोशनी से बचाने के लिए सुरक्षात्मक चश्मा पहनें। पटाखा जलाने के बाद तुरंत सुरक्षित दूरी पर चले जाएं। अधजले पटाखों को दोबारा जलाने या छूने से बचें। पास में पानी की बाल्टी भी रखें। एम्स ने बताया कि आंख में चोट लगने पर उसे रगड़ें नहीं। धूल या कण जाने पर साफ पानी से धीरे धीरे धोएं। तेज दर्द, खून आने या धुंधला दिखाई देने पर तत्काल अस्पताल अथवा नेत्र विशेषज्ञ से संपर्क करें। बिना विशेषज्ञ की सलाह के घरेलू उपचार न करें।

निर्मला सप्रे की सदस्यता पर दो महीने में फैसला करे विधानसभा अध्यक्ष : सुप्रीम कोर्ट





भोपाल, यश भारत। बीना विधायक निर्मला सप्रे के दल-बदल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष को दो महीने के भीतर निर्णय लेने को कहा है। यह याचिका विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने निर्मला सप्रे की सदस्यता समाप्त करने की मांग को लेकर दायर की थी। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने अदालत में पक्ष रखा। दरअसल निर्मला सप्रे ने वर्ष 2023 में कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीता था। बाद में उनके भाजपा में शामिल होने का मामला सामने आया। इस पर सिंघार ने दल-बदल कानून के तहत उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सिंघार ने कहा कि जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में सप्रे को चुनकर विधानसभा भेजा था। दल बदल के मामले में जनता के जनादेश की गरिमा बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधानसभा अध्यक्ष निर्धारित समय सीमा में निष्पक्ष और संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप निर्णय लेंगे।



बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे पटाखों की दुकान लगाई तो हो सकती है कार्रवाई

दीपावली पर विद्युत सुरक्षा को लेकर बिजली कंपनी की एडवाइजरी

भोपाल, यश भारत।

दीपावली पर विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भोपाल सहित 16 जिलों के उपभोक्ताओं और व्यापारियों से सावधानी बरतने की अपील की है। कंपनी ने पटाखा व्यापारियों को बिजली की लाइनों के नीचे ट्रांसफार्मर के नीचे या उनसे सटाकर दुकान नहीं लगाने की हिदायत दी है। बिजली लाइनों के आसपास आतिशबाजी और पटाखों का प्रदर्शन नहीं करने को भी कहा है। कंपनी ने मिठाई मूर्ति सजावटी सामान और पटाखों की अस्थाई दुकानों में रोशनी के लिए नियमानुसार अस्थाई बिजली कनेक्शन लेने के निर्देश दिए हैं। स्वीकृत भार से अधिक बिजली उपयोग और सीधे तार डालकर कनेक्शन लेने पर रोक लगाई गई है। कंपनी का मैदानी अमला और सतर्कता विंग बिजली चोरी की जांच करेगा। अनियमितता मिलने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 और 138 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली के प्रदर्शन में नहीं पहुंचे तो यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई का आरोप



भोपाल,यश भारत। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित प्रदर्शन में शामिल नहीं होने पर मध्यप्रदेश के कुछ यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठन से हटाए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्रदर्शन में अनुपस्थित रहने वाले कार्यकर्ताओं के खिलाफ संगठनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें पदों से हटा दिया गया है। इस कार्रवाई को लेकर एक प्रभावित कार्यकर्ता ने नाराजगी जताई है। उसका कहना है कि पारिवारिक शोक के कारण वह दिल्ली के प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सका था। इसके बावजूद उसके खिलाफ कार्रवाई की गई। कार्यकर्ता ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। मामले के सामने आने के बाद यूथ कांग्रेस की संगठनात्मक कार्यप्रणाली और कार्यकर्ताओं के प्रति जवाबदेही को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि अब तक संबंधित पदाधिकारियों की ओर से कार्रवाई के कारणों और आरोपों पर आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है।



भोपाल में खुलेगा देश का आठवां स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर

विदेश में नौकरी के लिए युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण, विदेशी भाषा से लेकर इंटरव्यू की तैयारी तक सिखाई जाएगी

भोपाल ,यश भारत।

विदेश में नौकरी करने का सपना देख रहे मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राजधानी भोपाल में देश का आठवां स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर खोला जाएगा। इस सेंटर के माध्यम से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय रोजगार बाजार की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा। सेंटर में विदेशी भाषाओं की शिक्षा इंटरव्यू की तैयारी और विदेशों में काम करने के लिए जरूरी कौशल सिखाए जाएंगे। साथ ही करियर काउंसलिंग के जरिए युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के विकल्पों की जानकारी मिलेगी। विदेशी कंपनियों में उपलब्ध नौकरियों और अवसरों से भी अवगत कराया जाएगा। इस सेंटर का लाभ केवल तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं तक सीमित नहीं रहेगा। आईटीआई और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों के साथ 10वीं 12वीं पास तथा गैर तकनीकी विषयों से पढ़ाई करने वाले युवा भी प्रशिक्षण ले सकेंगे। इस पहल से प्रदेश के युवाओं के लिए विदेश में रोजगार की संभावनाएं बढ़ने की उम्मीद है।

जबलपुर के झालर बाजार में इस बार 'मेड इन इंडिया' का दबदबा: चाइनीज लाइटिंग से कड़ी टक्कर



यश भारत , जबलपुर। रोशनी के महापर्व दीपावली को लेकर संस्कारधानी जबलपुर के इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में जबर्दस्त रौनक छाई हुई है। शहर के मुख्य व्यापारिक केंद्रों–जैसे पुहारा, लार्डगंज, गढ़ा बाजार और बड़ा पुहारा की दुकानों पर रंग-बिरंगी झालरों और सजावटी लाइट्स की खरीदारी के लिए ग्राहकों का हुजूम उमड़ रहा है। इस बार जबलपुर के बाजार में 'मेड इन इंडिया' और 'चाइनीज' लाइटिंग के बीच सीधा और दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल रहा है।

स्थानीय इलेक्ट्रॉनिक कारोबारियों के अनुसार, पिछले सालों की तुलना में इस बार जबलपुर के ग्राहकों की सोच और पसंद में बड़ा बदलाव आया है। चीनी सामान की मोनोपोली खत्म हो रही है और स्वदेशी उत्पादों की तरफग्राहकों का रुझान तेजी से बढ़ा है।

बाजार का गणित: चाइनीज बनाम मेड इन इंडिया झालर

(एक तुलनात्मक विश्लेषण)

विशेषता	चाइनीज झालर	मेड इन इंडिया झालर
1. (कीमत)	30% से 50% तक सस्ती	चाइनीज से थोड़ी महंगी
2. (वायर क्वालिटी)	पतला एल्युमीनियम/ मिक्स वायर	मोटा शुद्ध कॉपर वायर
3. (लाइफ)	1 सीजन (सिंगल यूज़)	3 से 5 साल (रिपेयर योग्य)
4. (जबलपुर में शेयर)	50% (बजट सेगमेंट)	50% (क्वालिटी व सुरक्षा सेगमेंट)

बाजार की मुख्य स्थितियां

कीमत-टिकाऊपन: चाइनीज झालरें अपनी कम कीमत और नित-नए फैंसी डिज़ाइनों के कारण बजट ग्राहकों की पहली पसंद बनी हुई हैं। वहीं, भारतीय झालरें अपने मोटे कॉपर वायर और लॉन्ग-लाइफ के दम पर पकड़ बना चुकी हैं।

सुरक्षा-री-यूज़ेबिलिटी: चीनी झालरों में पतले वायर का इस्तेमाल होने से शॉर्ट-सर्किट का जोखिम अधिक रहता है और खराब होने पर इन्हें सुधारा नहीं जा सकता। दूसरी ओर, मेड इन इंडिया झालरें पूरी तरह सुरक्षित हैं।

स्थानीय मांग के अनुसार सप्लाई: जबलपुर के थोक व्यापारी इस बार दिल्ली के भागीरथ पैलेस और गुजरात के मैन्युफैक्चरिंग हब्स से भारी मात्रा में स्वदेशी और हाई-क्वालिटी असेंबल झालरें मंगवा रहे हैं।

14 साल से पदोन्नति का इंतजार, मेडिकल कॉलेज प्रशासन को 10 दिन का अल्टीमेटम

जबलपुर,यशभारत।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति का मामला एक बार फिर गरमा गया है। मध्य प्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संघ ने कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिलाने के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन को 10 दिन का अल्टीमेटम दिया है। संघ ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर, लिपिक वर्ग, टेक्नीशियन एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी पिछले लगभग 14 वर्षों से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। राज्य शासन के निर्देशों के बावजूद जबलपुर मेडिकल कॉलेज में पदोन्नति की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है, जबकि प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों में नियमानुसार पदोन्नति की



कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक सेवा देने के बाद भी कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। संघ ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से सभी पात्र कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ कर उन्हें नियमानुसार लाभ प्रदान करने की मांग की है। यदि आगामी 10 दिनों में पदोन्नति संबंधी कार्यवाही शुरू नहीं की गई तो संघ कर्मचारियों के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।



महाकोशल कॉलेज में दिव्यांगों के साथ मनाया दीपोत्सव

जबलपुर. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ खुशियां बांटकर पंचमहोत्सव पर्व का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों को मिठाई एवं वस्त्र भेंट किए गए। उपहार पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह झलक उठा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता, अपनत्व और खुशियां साझा करने का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. महेंद्र कुशवाहा, डॉ. तरुणेंद्र साकेत एवं मनीष रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अनियंत्रित होकर पलटी ऑटो रिक्शा में फंसे यात्रियों को निकाला बाहर, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

हादसे के मददगार बने कलेक्टर



जबलपुर। बिलहरी क्षेत्र में डीमार्ट के पास सवारियों से भरी एक ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सवार यात्री ऑटो रिक्शा में फंस गए और कुछ यात्री उसके नीचे दब गए। इसी दौरान वहां से गुजर रहे कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने तत्काल अपना वाहन रुकवाया और घटना स्थल पर पहुंचकर ऑटो रिक्शा में सवार यात्रियों को बचाने में मदद की। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने मौके पर मौजूद लोगों के साथ मिलकर पलटी हुई ऑटो को सीधा कराया और उसमें फंसे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने हादसे में घायल यात्रियों को पीछे से आ रही खनिज विभाग के वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी को मौके से फोन कर घायलों का समुचित एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। ऑटो रिक्शा में तीन महिलाएं, एक बच्चा, एक पुरुष और चालक सहित कुल छह लोग सवार थे।इनमें एक बच्चा और एक महिला सहित चार व्यक्तियों को घायल होने पर खनिज विभाग के वाहन से जिला अस्पताल भेजा गया।

प्लेटफार्म पर मिला अज्ञात वृद्ध का शव

जीआरपी जांच में जुटी

जबलपुर यशभारत। मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर जीआरपी थाना जबलपुर की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वृद्ध की मृत्यु अज्ञात बीमारी के चलते होना बताई जा रही है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता जांच और चिकित्सकीय परीक्षण के बाद ही चल सकेगा। जीआरपी के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष है। उसका रंग सांवला, कद करीब 5 फीट 2 इंच और शरीर इकहरा है। मृतक ने स्लेटी रंग की टी-शर्ट और काले रंग का लोअर पहन रखा था। उसकी सफेद दाढ़ी-मूंछ और सिर पर सफेद बाल हैं।

एनएच-30 पर सड़क हादसे अज्ञात अधेड़ की मौत

मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने शुरू किए प्रयास

जबलपुर यशभारत। जिले के पनागर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर हुए सड़क हादसे में करीब 65 से 70 वर्षीय एक अज्ञात अधेड़ की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएच-30 पर अज्ञात परिस्थितियों में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए बुजुर्ग को गंभीर चोटें आईं, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पनागर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मृतक की उम्र लगभग 65 से 70 वर्ष के बीच बताई जा रही है। फिलहाल उसके पास से ऐसा कोई दस्तावेज या जानकारी नहीं मिल सकी है, जिससे उसकी पहचान हो सके।

ई-एम्बुलेंस रिक्शा भी पड़ा बंद

रेडक्रॉस सोसायटी का शव वाहन कबाड़ में तब्दील

गाडरवारा यशभारत। मानव सेवा के लिए दिए गए वाहन रखरखाव के अभाव में कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं, इसका जीवांत उदाहरण गाडरवारा के शासकीय चिकित्सालय परिसर में देखने को मिल रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय चिकित्सालय परिसर में रेडक्रॉस सोसायटी का शव वाहन काफी लंबे समय से एक ही स्थान पर खड़ा-खड़ा कबाड़ में तब्दील हो गया है। वाहन के टायर पंचर हो चुके हैं, बॉडी में जंग लग चुकी है और धूल की मोटी परत जमी हुई है। रखरखाव न होने से यह वाहन अब चलने लायक भी नहीं बचा है। इसी तरह राज्यसभा सांसद विवेक तंखा द्वारा सांसद निधि से गाडरवारा चिकित्सालय को मरीजों की सेवा के लिए प्रदान किया गया लोकल ई-एम्बुलेंस ऑटो भी उपयोग न होने के कारण लंबे समय से अस्पताल परिसर में ही खड़ा है। यह ई-एम्बुलेंस मरीजों लोकल से मरीजो जरूरतमंदों की सहायता के लिए दिया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में वह भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तरफ शासन-प्रशासन स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ लाखों रुपये की कीमत के वाहन अस्पताल में खड़े-खड़े खराब हो रहे हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इन वाहनों की तत्काल मरम्मत कराकर इन्हें फिर से जनसेवा में उपयोग में लाया जाएए ताकि आम जनता को इसका

दीपावली पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

नरसिंहपुर यशभारत। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स संभाग आयुक्त कमिश्नर एवं आईजी की बैठक लेकर आगामी दीपावली पर्व सहित त्योहारों के दौरान कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में नरसिंहपुर से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने दीपावली त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सभी जिलों में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

अवैध रेत उत्खनन, अवैध शराब और गुणवत्ताहीन निर्माण पर कार्रवाई की मांग



गोटेगांव यशभारत। जन एकता गौ सेवा समिति श्रीधाम ने थाना प्रभारी गोटेगांव के माध्यम से पुलिस महानिदेशक भोपाल को ज्ञापन सौंपकर अवैध रेत उत्खनन, अवैध शराब कारोबार और गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजेश उर्फ राजू चौकसे और प्रदेश महामंत्री कैलाश कुमार रजक ने कहा कि नरसिंहपुर जिले एवं गोटेगांव तहसील में नर्मदा नदी से अवैध रेत निकालकर बेची जा रही है। गंगई कला, बेलखेड़ी सहित अन्य घाटों पर बिना नंबर प्लेट के हाइवा, डंपर और ट्रैक्टर ट्राली से रेत का परिवहन हो रहा है। समिति का कहना है कि तेज गति से चल रहे रेत भरे वाहनों से सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। समिति ने यह भी मांग की कि गोटेगांव तहसील क्षेत्र में नहर एवं सड़क ठेकेदारों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की जांच कराई जाए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कई निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन हैं और चार माह में ही टूट गए हैं। ऐसे ठेकेदारों पर कार्रवाई कर लाइसेंस निरस्त करने की मांग की गई।

ज्ञापन में खातेगांव में टीआई दिलीप पुरी की घटना का उल्लेख करते हुए प्रदेश में अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने की भी मांग की गई। समिति का कहना है कि गांव.गांव शराब पहुंचने से युवाओं और नाबालिगों पर बुरा असर पड़ रहा है। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध रेत चोरी और अवैध शराब माफिया के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो समिति द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

दीनदयाल रसोई पर शर्मसार करने वाला वीडियो वायरल

गोटेगांव यशभारत। जनपद पंचायत मैदान स्थित दीनदयाल रसोई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक महिला जमीन पर पड़ी हुई दिखाई दे रही है, जबकि आसपास कई लोग खड़े नजर आ रहे हैं।

वीडियो बना रहे व्यक्ति द्वारा दावा किया जा रहा है कि रसोई में महिलाएं शराब पीकर भोजन कर रही हैं और इसी कारण यह स्थिति बनी है। और इसी अवैध शराब बिक्री के कारण लगातार नगर में अराजकता का माहौल बना हुआ है। जन एकता गौ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजेश उर्फ राजू चौकसे ने कहा कि नगर में अवैध शराब बिक्री के कारण ऐसे हालात बन रहे हैं। महिलाओं और पुरुषों के परिवार बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने और रसोई परिसर में व्यवस्था सुधारने की मांग की है। समिति ने कहा है कि गरीबों के लिए शुरू की गई दीनदयाल रसोई का उद्देश्य भूखों को भोजन कराना है, न कि नशेड़ियों का अड्डा बनाना।

चुनावी साक्षरता क्लब के तहत निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



गोटेगांव यशभारत। शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार चुनावी साक्षरता क्लब ईएलसी के माध्यम से युवा और भावी मतदाताओं में सहभागिता और मतदान संस्कृति के निर्माण हेतु निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शासन निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र एसी स्तर और जिला स्तर पर निबंध एवं प्रश्नोत्तर प्रतियोगिताएं 2 नवंबर से 20 नवंबर तक आयोजित की जा रही हैं। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय और स्कूलों के छात्रों के लिए खुला मंच प्रस्तुत करती है। इसी क्रम में महाविद्यालय में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में निकिता ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वर्षा निरंकार प्रथम रहीं। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में लोकतंत्र, मतदान के महत्व और मतदाता जागरूकता के प्रति सामाजिक चेतना का उदय करना है।

बी एस एल स्कूल में दीपावली पर्व का हुआ भव्य आयोजन



करेली यशभारत। ग्रेसलैंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित बीएसएल पब्लिक स्कूल में दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती प्रज्ञा लूनावत की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर संस्था संचालक चेतन लूनावतए श्रीमती पूजा लूनावत, प्राचार्य मिथिलेश राजोरिया एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा राम कथा प्रस्तुत की गई। वहीं प्राइमरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों के लिए रंगोली, कार्ड मेकिंगए दीया मेकिंग, तोरण प्रतियोगिता, थाली मेकिंग एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण ने मिलकर सुरक्षित तरीके से फुलझड़ियाँ, चकरी एवं अनारदाने जलाकर दीपावली की खुशियाँ मनाईं। पूरा विद्यालय परिसर दीपों की रोशनी और उत्सव के उल्लास से जगमगा उठा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं रचनात्मकता के प्रति रुचि

माता-पिता का आशीर्वाद सबसे बड़ा सौभाग्य, घर का आचरण देवत्व के अनुरूप होना चाहिए - पं.विपिन बिहारी





गोटेगांव यशभारत। श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस 5 नवंबर को श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथाव्यास पं. विपिन बिहारी महाराज ने पारिवारिक संस्कारों, माता-पिता के सम्मान, वाणी की मर्यादा और स्त्री के सम्मान का महत्व प्रतिपादित किया।

उन्होंने कहा कि हमारे घर का आचरण देवत्व के अनुरूप होना चाहिए। जिस पुत्र के सिर पर माता-पिता के आशीर्वाद का हाथ है, वह इस संसार का परम सौभाग्यशाली व्यक्ति है।

वाणी की मर्यादा समझाते हुए महाराज जी ने कहा कि घर में होली की अग्नि प्रज्वलित होनी चाहिए, लेकिन कड़वी बोली की अग्नि कभी नहीं जलनी चाहिए, क्योंकि कड़वे शब्द परिवार की मधुरता और आपसी प्रेम को जला देते हैं। उन्होंने कहा कि जिस घर में स्त्री का सम्मान होता है, वह घर सदैव ईश्वर की महिमा के निकट रहता है। घर में मां, पत्नी अथवा पुत्री दुखी है तो उस परिवार का वास्तविक विकास संभव नहीं है। मां शब्द भले ही छोटा है, लेकिन उसका अर्थ संसार में सबसे बड़ा है।

उन्होंने बेटों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति पत्नी के प्रभाव में आकर अपने माता-पिता को प्रताड़ित करता है और उनका अपमान करता है तो वह कभी दिव्यत्व को प्राप्त नहीं कर सकता। यदि मन में पिता के प्रति तनिक भी वैरभाव है तो आज ही उनसे क्षमा मांग लें। मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं यजमान परिवार द्वारा आयोजित इस ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस पर मणि नागेंद्र सिंह सैनिक स्कूल परिसर में प्रातः हवन एवं पूजन का आयोजन किया गया। इसके पश्चात आयोजित कथा में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र पटेल, वंडा विधायक वीरेंद्र सिंह, अभिराज सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्य यजमान वरिष्ठ समाजसेवी मुलाम सिंह पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। कथा सप्ताह के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले पुलिस प्रशासन, जनपद पंचायत, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत मंडल एवं विभिन्न सेवाभावी कार्यकर्ताओं का यजमान परिवार की ओर से स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया गया। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। पूर्व राज्यमंत्री जालम

संदीपनी विद्यालय में हुआ विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



गोटेगांव यशभारत। शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर के अंतर्गत सुरक्षित बचपन अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गोटेगांव सिविल कोर्ट की प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट सुश्री साक्षी शुक्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित बचपन अभियान कोई औपचारिकता या एक दिन का कार्यक्रम नहीं है। यह बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक करने का अभियान है। यदि किसी भी व्यक्ति का व्यवहार आपको असहज, डरा हुआ या संकोच में डालता हैए तो चुप न रहें। याद रखें, गलती आपकी नहीं है। ऐसे समय में तुरंत नहीं कहें और अपने माता-पिता या शिक्षकों को बिना डर के बताएं।

उन्होंने कहा कि इंटरनेट और स्मार्टफोन के युग में सोशल मीडिया पर सतर्क रहना जरूरी है। किसी भी अज्ञात व्यक्ति से व्यक्तिगत जानकारी, तस्वीरें या पासवर्ड साझा न करें। साइबर अपराधों से बचने का सबसे पहला नियम सतर्कता और समझदारी है। उन्होंने पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय एक्ट और बाल श्रम निषेध कानून जैसे प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि कानून का उद्देश्य सिर्फ सजा देना नहींए बल्कि हर बच्चे को सुरक्षित छत्रछाया देना है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के डिस्ट्रिक्ट सोशल वर्कर श्री दुबे ने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। संस्था प्राचार्य एसके सिसोदिया और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संजीव नाहर ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने, निडर बनने और सही.गलत में अंतर समझने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में पीएलवी गोपाल ब्यौहारए मनोज चौधरी, नीतू ठाकुर सभी शिक्षकबंधु और विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन संजीव नाहर द्वारा किया गया।

अवैध एवं जहरीली शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई



नरसिंहपुर यशभारत। आयुक्त आबकारी के निर्देशानुसार जिले में अवैध एवं जहरीली शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 4 नवंबर 2026 को आबकारी विभाग एवं संभागीय उड़नदस्ता दल द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जिले की 5 मदिरा दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। इनमें से 2 मदिरा दुकानों से मदिरा के नमूने लिए गए, जिन्हें रासायनिक परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इसके अलावा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 3 न्यायालयीन प्रकरण भी कायम किए गए। संयुक्त दल द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर आकस्मिक छापामार कार्रवाई की गई तथा वाहनों की जांच भी की गई।

आबकारी विभाग द्वारा अवैध एवं जहरीली शराब के निर्माणए विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी रोकथाम के लिए

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा



नरसिंहपुर यशभारत। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा गुरूवार को लिया। इस दौरान उन्होंने प्रसूति वार्ड, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, हाई रिस्क पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड सहित अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने प्रसूति वार्ड में पहुंचकर भर्ती प्रसूताओं के स्वास्थ्य एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रसूताओं की नियमित देखभाल करने तथा परिवार नियोजन के संबंध में उचित परामर्श फैमिली प्लानिंग काउंसलिंग देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कम वजन वाली प्रसूताओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा आवश्यकतानुसार उचित उपचार एवं पोषण संबंधी सलाह उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यहां नवजात शिशुओं को दुलार किया और परिजनों से कहा कि बच्ची के जन्म होने पर लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ अवश्य लें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह ने अस्पताल में साफ-सफाई बेडशीट की नियमित उपलब्धता एवं परिवर्तन तथा शौचालयों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोस्ट ऑपरेटिव एवं हाई रिस्क पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया और मरीजों को बेहतर उपचार एवं देखभाल उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने क्रिटिकल केयर यूनिट में पैथोलॉजी एवं डायलिसिस यूनिट दीपावली के बाद प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। अस्पताल में स्वच्छता, मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ.रामकुमार चौधरी, डॉ.राहुल नेमा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

बिना एसएमएस के हार्वेस्टर संचालन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

चार गांवों में बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के मिले कंबाइन हार्वेस्टर तीन संचालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

नरसिंहपुर यशभारत। जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने और फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम एसएमएस के कंबाइन हार्वेस्टर संचालित करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। संयुक्त जांच दल ने चार गांवों में निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तीन हार्वेस्टर संचालकों के विरुद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नरसिंहपुर द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत बिना एसएमएस के कंबाइन हार्वेस्टर संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में अनुविभागीय कृषि अधिकारी गाडरवारा श्रीमती सुनीता मवासे के नेतृत्व में पुलिस एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल ने ग्राम चीचली, सिंहपुर, मऊ एवं मगरमुहा में निरीक्षण किया। इस दौरान बिना एसएमएस के कंबाइन हार्वेस्टर संचालित पाए जाने पर मौके पर पंचनामा तैयार कर संबंधित संचालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम चीचली में हरियाणा निवासी छिंदर सिंह, ग्राम सिंहपुर में अमरजीत सिंह तथा ग्राम मऊ में अवतार सिंह के विरुद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इस कार्रवाई में अनुविभागीय कृषि अधिकारी गाडरवारा श्रीमती सुनीता मवासे, तहसीलदार चीचली नितिन राय, थाना प्रभारी श्रीमती शशि विश्वकर्मा, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी चीचली केपी सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी राजेश साहू एवं लिपिक राजेन्द्र साहू मौजूद थे। जिला प्रशासन ने किसानों एवं हार्वेस्टर संचालकों से अपील की है कि कंबाइन हार्वेस्टर का संचालन अनिवार्य रूप से स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम एसएमएस लगाकर ही करें। फसल कटाई के बाद नरवाई अथवा पराली में आग न लगाएं और फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों का उपयोग करें।

अवैध पटाखों पर पुलिस का शिकंजा, 4 थानों में 71 हजार के पटाखे जब्त

नरसिंहपुर यशभारत। आगामी त्योहारों के मद्देनजर आमजन की सुरक्षा के लिए नरसिंहपुर पुलिस ने अवैध पटाखों एवं विस्फोटक सामग्री के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया। एसपी डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में जिले के 4 थाना क्षेत्रों में कार्रवाई कर कुल 71,508 रुपये कीमत के पटाखे एवं विस्फोटक सामग्री जब्त की गई। 7 व्यक्तियों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना स्टेशनगंज आरोपी ज्ञानी प्रसाद साहू निवासी बहोरीपार के कब्जे से 2 पैकेट पटाखे, 6 पैकेट बुलेट बम, 2 पैकेट सुतली बम, 5 पैकेट चिटचिट, 3 पैकेट टिकली एवं 3 पैकेट बारूद माचिस जब्त। कीमत करीब 10,000 रुपये। थाना गोटेगांव आरोपी हरेन्द्र कुमार गोलंदाज एवं भूपत सिंह गोलंदाज निवासी सालीवाड़ा के कब्जे से बड़ी मात्रा में सुतली बम खुले बम बारूद पाउडर सुतली एवं पटाखा निर्माण में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री जब्त। कीमत करीब 20, 000 रुपये। थाना ठेमी आरोपी संदीप लोधी निवासी घाट पिंडरई की किराना दुकान से 4,338 रुपये आरोपी गुलाब विश्वकर्मा निवासी धमना के कब्जे से 6,870 रुपये तथा आरोपी अरविंद सोनी, निवासी धमना के कब्जे से 5,300 रुपये के पटाखे जब्त। थाना कोतवाली आरोपी विमलचंद जैन निवासी मुशरान वार्ड के घर पर दबिश देकर 25,000 रुपये के अवैध पटाखे जब्त। सभी प्रकरणों में धारा 287 बीएनएस एवं 5, 9 बी विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम कारमेल अरौरा का भव्य आयोजन





अनुपम छटा . खूबसूरत मनमोहक रोशनी . बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने मोहा सभी का मन

करेली यशभारत। नगर की शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय में वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक समारोह कार्मेल अरौरा रोशनी, रंगों एवं प्रतिभाओं का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गजेंद्र सिंह नागेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं एवं अतिथि प्रोविंशियल डॉ. फादर थॉमस अध्यक्ष सीएमआई समिति भोपाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों संस्था प्रबंधक डॉ. फादर जॉनसन, प्राचार्य फादर केल्विन, एडमिनिस्ट्रेटर फादर जिओ एवं उपप्राचार्या सिस्टर बिंदु द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्य फादर केल्विन ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा मनमोहक स्वागत नृत्य स्वागतम प्रस्तुत किया गया। वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत चेयर अरेंजिंग रेस, वेट लिफ्टिंग रेस, हॉर्स रेस, टग ऑफ वॉर, बॉल बैलेंसिंग रेस, सैक रेस, ऑब्सटेकल रेस, 200 मीटर रेस, फनी रेसए रिले रेस सहित पीण्टीण् एवं योगा की आकर्षक प्रस्तुतियाँ हुईं। नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं खेल भावना के साथ सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। वहीं समस्त खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी विद्यालय के नर्मदा रेड हाउस को प्रदान की गई। अतिथि फादर थॉमस ने अपने उद्बोधन में बच्चों के जोश उत्साह और परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि सांस्कृतिक प्रोग्राम भारतीय संस्कृति को दर्शाता है। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने स्वागतम, गुलाबी शरारा, चलो विश्वास करने वाले, स्कूल नहीं जाना मैंने तथा शक्ति और संस्कृति जैसे मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह, उमंग और उल्लास के रंग भर दिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि कार्मेल स्कूल अपने छात्रों को शिक्षा, अनुशासन, खेल समस्त क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए पंख देने का काम कर रहा है जो की एक बहुत ही प्रशंसा का विषय है। विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित पालीवाल अवार्ड एवं बिशप क्लेमेंस अवार्ड से भी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शिक्षण सत्र 2025-26 की कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अंशिका पटेल एवं गार्गी पालीवाल को पालीवाल अवार्ड तथा कक्षा बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कबीर गुप्ता एवं ऋषिका कौरव को बिशप क्लेमेंस अवार्ड से मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय में दीपावली पर्व भी हर्षोल्लास से मनाया गया जिसके अंतर्गत भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल लीडर्स आशीष जैन एवं पद्मेंद्र प्रताप सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। मंच संचालन वेदांग वैद्य, आसना रघुवंशी, दिशा जाट, अनुश्री नवेरिया एवं अनुष्का कुर्मी सहित अन्य विद्यार्थियों ने किया। समारोह के समापन अवसर पर प्राचार्य फादर केल्विन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कार्मेल विद्यालय परिवार की ओर से सभी के प्रति हार्दिक

शिवकुमार नीखरा बने कांग्रेस सेवादल प्रदेश सचिव

गाडरवारा यशभारत। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी वी श्रीनिवास की स्वीकृति, राष्ट्रीय सचिव एवं मप्र प्रभारी प्रतापनारायण मिश्रा तथा प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की सहमति से मप्र



कांग्रेस सेवादल की नवीन प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला मुख्य संगठकों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में संगठन के प्रति सतत निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए जिला नरसिंहपुर, गाडरवारा नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवकुमार नीखरा को मप्र कांग्रेस सेवादल का पुनः प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी। नई जवाबदारी मिलने पर कांग्रेसजनों, शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

अमेरिकी क्रिकेट को दिवालियापन से निकालने की शुरू हुई तैयारी



न्यूयार्क, एजेंसी। अमेरिका क्रिकेट को दिवालियापन से बाहर निकालने की तैयारी शुरू हो गई है। कोर्ट नियुक्त ट्रस्टी मार्क डेनिस ने बोर्ड के लिए तीन स्वतंत्र डायरेक्टर के नाम प्रस्तावित किए हैं। इनमें सेलिना कैंग, पैट्रिक सिंगलटन और नॉर्मन वेन शामिल हैं।

नई टीम ICC से निलंबित सदस्यता बहाल कराने और अमेरिकी क्रिकेट में प्रशासनिक स्थिरता लाने की जिम्मेदारी संभालेगी। यह प्रस्ताव USA क्रिकेट के रिऑर्गेनाइजेशन प्लान का हिस्सा है, जिसे अमेरिकी बैंकरप्सी कोर्ट में दाखिल किया गया है। मेजर लीग क्रिकेट (MLC) की मालिक कंपनी अमेरिकन क्रिकेट एंटरप्राइजेज (ACE) ने भी संगठन को चलाने के लिए 29 करोड़ 68 लाख रुपए तक की अतिरिक्त फंडिंग देने का भरोसा दिया है।

जनवरी 2027 में कोर्ट की मंजूरी मिलने की उम्मीद

कोर्ट नियुक्त ट्रस्टी मार्क डेनिस ने 15 जनवरी 2027 के आसपास रिऑर्गेनाइजेशन प्लान की सुनवाई कराने का अनुरोध किया है। यह सुनवाई अधिकतम 22 जनवरी तक हो सकती है। फंडिंग व्यवस्था के लिए 29 जनवरी तक कोर्ट की मंजूरी जरूरी है। प्लान को मंजूरी मिलने और सभी शर्तें पूरी होने के बाद तीनों नए डायरेक्टर पद संभाल सकते हैं। उसी समय USA क्रिकेट के मौजूदा बोर्ड के सभी सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। नए डायरेक्टर के चयन की प्रक्रिया पर ICC और अमेरिकी ओलिंपिक एवं पैरालिंपिक समिति (USOPC) ने भी नजर रखी है।

दरअसल, USA क्रिकेट और ट्रस्ट के बीच लंबे समय से कमर्शियल समझौते को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष 2019 के शुरुआती समझौते की शर्तों के अनुरूप नया करार नहीं कर पाए थे। इसी मतभेद ने संगठन के प्रशासनिक संकट को और बढ़ाया। अब नए बोर्ड को ACE के साथ मिलकर ऐसा समझौता करना होगा, जो ICC की पहले उठाई गई आपत्तियों को भी दूर करे।

ICC सस्पेंशन के दौरान भी जारी रहेगी फंडिंग- USA क्रिकेट की ICC सदस्यता सितंबर 2025 से निलंबित है। इस कारण संगठन को ICC से फंडिंग नहीं मिल रही। ACE की रकम जुलाई में हुए पुराने सेटलमेंट के तहत तय फंडिंग के अतिरिक्त होगी। इसका इस्तेमाल संगठन के रोजमर्रा के खर्च और कामकाज के लिए किया जाएगा।

विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के नए सीजन का रोमांच 14 जनवरी से

पहले मुकाबले में भिड़ेंगी बेंगलुरु और मुंबई

मुंबई, यशभारत। विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के नए सीजन का रोमांच 14 जनवरी से शुरू होगा। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दो बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। वडोदरा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला शाम 7.30 बजे शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए वडोदरा और मुंबई को मेजबानी की जिम्मेदारी दी है।

टूर्नामेंट के शुरुआती 11 मुकाबले 14 से 24 जनवरी तक वडोदरा में खेले जाएंगे। इसके बाद 26 जनवरी से मुंबई में लीग के शेष मुकाबले आयोजित होंगे। लीग चरण का आखिरी मैच 3 फरवरी को दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्स के बीच खेला जाएगा। इसके बाद 5 फरवरी को एलिमिनेटर और 7 फरवरी को फाइनल मुकाबला होगा। इस तरह 25 दिनों तक चलने वाले टूर्नामेंट में खिताब के लिए पांच टीमों के बीच मुकाबला होगा।



पांच टीमें खेलेंगी 22 मुकाबले

डब्ल्यूपीएल में पांच टीमें हिस्सा लेंगी। लीग चरण में प्रत्येक टीम दूसरी चार टीमों के साथ दो-दो मुकाबले खेलेगी। इस तरह लीग चरण में कुल 20 मैच होंगे। इसके बाद एलिमिनेटर और फाइनल सहित टूर्नामेंट में कुल 22 मुकाबले खेले जाएंगे। सभी टीमों के बीच लीग चरण में बेहतर प्रदर्शन कर फाइनल तक पहुंचने की होड़ रहेगी।

दोनों चैंपियन टीमों के बीच फिर टक्कर

आरसीबी और मुंबई इंडियंस दोनों ही दो-दो बार डब्ल्यूपीएल का खिताब जीत चुकी हैं। आरसीबी ने 2024 और 2026 में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि मुंबई इंडियंस भी दो बार खिताब अपने नाम कर चुकी है। दोनों टीमों के बीच दूसरा मुकाबला 26 जनवरी को मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में खेला जाएगा। पहले ही मैच में इन दोनों मजबूत टीमों की भिड़ंत से टूर्नामेंट को शानदार शुरुआत मिलने की उम्मीद है।

यूपी वॉरियर्स और दिल्ली का अभियान

यूपी वॉरियर्स अपने अभियान की शुरुआत 15 जनवरी को गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी। हालिया नीलामी में यूपी वॉरियर्स ने कई बड़े खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम को मजबूत किया है। फ्रेंचाइजी ने ऑस्ट्रेलिया की सोफी मोलिन्यू को 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा, जबकि ग्रेस हैरिस को भी टीम में वापस शामिल किया है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स अपना पहला मुकाबला 16 जनवरी को आरसीबी के खिलाफ खेलेगी। दिल्ली की टीम अब तक चार बार फाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन खिताब जीतने में नाकाम रही है। इस बार टीम की कोशिश फाइनल की बाधा पार कर पहली बार चैंपियन बनने की होगी।

कुलदीप को अवसर नहीं मिलने पर मनिंदर ने उठाये सवाल

चंडीगढ (ईएमएस)। गुजरे जमाने के दिग्गज स्पिनर रहे मनिंदर सिंह ने कुलदीप यादव की लगातार उपेक्षा पर सवाल उठाये हैं। मनिंदर ने कहा है कि कुलदीप को किस कारण अंतिम ग्यारह में शामिल नहीं किया जा रहा है ये समझ से परे है। मनिंदर के अनुसार कुलदीप का प्रदर्शन हमेशा ही अच्छा रहा है। इस पूर्व क्रिकेटर के अनुसार लगता है कि टीम प्रबंधन को उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा नहीं है, इसी वजह से उन्हें हर प्रारुप में काफी कम मौके मिल रहे हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो कुलदीप ने अपने एकदिवसीय करियर में 124 मैचों में 201 विकेट लिए हैं, जो मौजूदा भारतीय टीम के किसी भी अन्य गेंदबाज से अधिक हैं। इसके बावजूद, न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 सीरीज में उन्हें एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला। आम तौर पर उपमहाद्वीप के बाहर टीम संतुलन की बात कहते हुए कुलदीप को बाहर रखा जाता है। इसके तहत मुख्य कोच गौतम गंभीर नंबर 8 तक बल्लेबाजी वाली टीम को प्राथमिकता दे रहे हैं। हार्दिक के नहीं होने के कारण भारत ने आमतौर पर तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों को रखा है। इसी कार पिछले दो साल में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया (सेना देश) में खेले गए 35 मुकाबलों में से कुलदीप सिर्फ तीन में ही खेल पाए हैं। मनिंदर ने कहा कि कुलदीप एकदिवसीय और टी20 के लिए सबसे अच्छे गेंदबाज हैं पर इसके बाद भी उनको जगह नहीं मिल रही है। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में भी प्रभावी रहेंगी। उन्होंने इंग्लैंड में हुई टेस्ट सीरीज का उदाहरण दिया, जहाँ उनका मानना था कि अगर कुलदीप को अवसर मिलता हो तो भारत वह सीरीज 3-1 से जीत जाता। मनिंदर ने कुलदीप की तुलना पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर मुरली कार्तिक से भी की, जिन्हें कप्तान सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ का पूरा भरोसा नहीं मिल पाया था। मनिंदर का मानना है कि कुलदीप यादव के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है।



भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के इरादे से उतरेगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम 19 नवंबर से होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में अपना खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेंगी। भारतीय टीम ने अब तक इस टूर्नामेंट में तीन जीत हासिल की है। छह देशों का ये टूर्नामेंट 19 नवंबर से भोपाल में खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के खिलाफ मैच से करेगी। भारतीय टीम ने हाल ही में एशियाई खेलों में खिताब जीता था जिससे उसके हौंसले बुलंद है। ऐसे में वह इस टूर्नामेंट में भी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा जापान, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। ऐसे में भाग ले रही सभी छह टीमें इस टूर्नामेंट में खिताब जीतने के लिए पूरी ताकत लगा देंगी हालांकि भारतीय टीम को इस दौरार घरेलू मैदान पर खेलने का लाभ मिलेगा। भारतीय टीम ने इससे पहले साल 2016, 2023 और 2024 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी है। ऐसे में वह चौथी बार ये खिताब जीतना चाहेगी।भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगी।

रंग संसार



सिल्वर स्क्रीन पर कई हीरोइनों के साथ रोमांस कर चुके हैं शाहरुख खान

मुंबई (यशभारत)। अपने दशकों लंबे करियर में सुपरस्टार शाहरुख खान ने सिल्वर स्क्रीन पर कई हीरोइनों के साथ रोमांस किया है। चाहे काजोल हो या दीपिका पादुकोण, शाहरुख के साथ हर हीरोइन की जोड़ी ने सिनेमाप्रेमियों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री पर दर्शक आज तक बेशुमार प्यार लुटाते हैं। शाहरुख खान आज 61 साल के हो चुके हैं। उनके जन्मदिन के इस विशेष अवसर पर, आइए एक नजर डालते हैं शाहरुख खान की उन सात यादगार ऑनस्क्रीन जोड़ियों पर, जिन्होंने अलग-अलग दशकों में बड़े पर्दे पर प्यार की अनोखी दास्तां रची है और दर्शकों का दिल जीता है। बॉलीवुड में शायद ही कोई ऐसी ऑनस्क्रीन जोड़ी हो, जिसने शाहरुख और काजोल जैसा जादू बिखेरा हो। 1993 में बाजीगर से शुरू हुआ यह सफर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों तक पहुंचा। पर्दे पर उनका नोक-झोंक भरा अंदाज, गहरे इमोशनल सीन और सुरीले गानों ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया।

साल 2015 में आई फिल्म दिलवाले में जब दोनों दोबारा साथ आए, तो पुरानी यादें फिर से ताजा हो गईं। शाहरुख खान और जूही चावला की जोड़ी जब भी बड़े पर्दे पर आई, एक अलग ही ताजगी और मिठास लेकर आई। यश बॉस, डुप्लीकेट और फिर भी दिल है हिंदुस्तानी जैसी फिल्मों में उनकी कमाल की कॉमिक टाइमिंग और सहज रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली।

मैं बिकिनी पहनूंगी, किसी के बाप का क्या जा रहा है- सोनारिका

मुंबई (यशभारत)। मशहूर टीवी एक्ट्रेस सोनारिका भदौरिया द्वारा सालों पहले बिकिनी में अपनी तस्वीरें साझा करने पर भयंकर ट्रोलिंग का शिकार होने के बाद अब इस पूरे विवाद पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने ट्रोलर्स को बेहद सख्त लहजे में जवाब दिया है। देवों के देवज्‌ महादेव में मां पार्वती का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुई सोनारिका ने साफ कहा है कि उन्हें अपनी पसंद के कपड़े पहनने के लिए किसी को सफाई देने की जरूरत नहीं है। सोनारिका ने बेबाक अंदाज में कहा, मैं बिकिनी पहनूंगी। किसी के बाप का क्या जा रहा है। यह पूरा मामला साल 2016 का है, जब सोनारिका मॉरीशस वेकेशन पर गई थीं और वहां से उन्होंने बिकिनी में कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थीं। इन तस्वीरों के सामने आते ही सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने उनके लिए संस्कारहीन और बेशर्म जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया, और कई यूजर्स ने अश्लील और भद्दे कमेंट भी किए थे। एक्ट्रेस ने बताया कि जब यह ट्रोलिंग हुई, तब देवों के देवज्‌ महादेव शो खत्म हो चुका था। इसके बाद भी वह कई सीरियल में काम कर चुकी थीं, लेकिन लोग उनका इंटरव्यू सिर्फ इस सवाल के लिए लेना चाहते थे कि पार्वती का रोल करने वाली एक्ट्रेस बिकिनी कैसे पहन सकती है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में पहुंची सोनारिका ने इस पूरे विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह आज भी बिकिनी पहनने से पीछे नहीं हटेंगी, और उन्हें यह सफाई क्यों देनी चाहिए कि उनके पति या पिता को उनके कपड़ों से कोई परेशानी नहीं है। एक्ट्रेस के अनुसार, असल बात यह है कि उन्हें खुद बिकिनी पहनने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने इस सोच पर सवाल उठाया कि किसी शो में किरदार निभाने का मतलब यह नहीं है कि असल जिंदगी में भी इंसान को वैसा ही रहना होगा। सोनारिका ने अपनी बात समझाते हुए कहा कि अगर कोई पानी में जा रहा है तो वह बिकिनी ही पहनेगा, पानी में सूट पहनकर तो नहीं जा सकती।







गाना तू मिल जाए की शूटिंग के दौरान गर्भवती थी दीपिका

मुंबई (यशभारत)। आगामी फिल्म किंग का पहला गाना तू मिल जाए रिलीज कर दिया गया है। शाहरुख खान के जन्मदिन के अवसर पर जारी किये गए इस गाने में शाहरुख और दीपिका पादुकोण की रोमांटिक केमिस्ट्री दर्शकों का दिल जीत रही है। दोनों विदेशी लोकेशन पर एक-दूसरे की बाहों में बाहें डाले डांस करते नजर आ रहे हैं। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि इस गाने की शूटिंग के दौरान अभिनेत्री दीपिका पादुकोण पाँच महीने की गर्भवती थीं। साल 2023 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्मों पठान और जवान में शाहरुख और दीपिका की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। अब तीन साल बाद यह सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। किंग फिल्म के पहले गाने तू मिल जाए में दीपिका और शाहरुख का रोमांटिक अंदाज इस फेस्टिव सीजन को और खास बना रहा है। दीपिका ने गाने में कई अलग-अलग लुक अपनाए हैं, और उनके हर अंदाज़ को सराहना मिल रही है। यह जानकर सभी हैरान हैं कि इस गाने की शूटिंग के दौरान दीपिका अपनी दूसरी बेटी देवी के साथ पाँच महीने की गर्भवती थीं। दीपिका ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की खबर दुनिया के सामने आने के कुछ समय बाद ही शाहरुख के साथ गाने की शूटिंग के लिए केपटाउन का रुख किया था। अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान भी उन्होंने पूरी लगन और व्यावसायिकता के साथ गाने की शूटिंग जारी रखी। उन्होंने अपने काम के प्रति समर्पण का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया.

रामायण की वर्ल्डवाइड एडवांस बुकिंग का आंकड़ा 75 करोड़ के पार

मुंबई (यशभारत)। अपकमिंग फिल्म रामायण ने अपनी रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाना शुरू कर दिया है। नितेश तिवारी निर्देशित इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की वर्ल्डवाइड एडवांस बुकिंग का आंकड़ा 75 करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है। भारत में भी फिल्म के टिकटों की धड़ाधड़ बिक्री हो रही है, और यह 5 नवंबर को बड़े पर्दे पर आने से पहले ही हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है। रामायण की रिलीज डेट जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे इसकी एडवांस बुकिंग ने रफ्तार पकड़ ली है। भारत में टिकट बिक्री में भारी उछाल आया है, और विदेश में भी फिल्म लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। दशहरे पर वर्ल्डवाइड रिलीज के लिए रामायण की एडवांस बुकिंग 15 दिन पहले ही शुरू कर दी गई थी। शुरुआती दस दिनों तक मुख्य रूप से हिंदी वर्जन के शो ही उपलब्ध थे, लेकिन अब पूरे देश में नए सिनेमाघरों में प्री-सेल्स तेजी से शुरू हो गई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह तक फिल्म के लिए स्क्रीन्स की संख्या बढ़कर 3,500 हो गई है, जिसमें से पिछले दो दिनों में ही 1,000 स्क्रीन्स जोड़ी गई हैं। रिलीज से तीन दिन पहले तक रामायण ने भारत में एडवांस बुकिंग से 37 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन कर लिया है। इसमें से पहले दिन के लिए 22 करोड़ रुपये की कमाई हुई है, जबकि बाकी रकम एक्सटेंडेड वीकेंड में बंटी हुई है। पूरे भारत में रामायण के अब तक करीब 9 लाख टिकट एडवांस में बिक चुके हैं। हिंदी बेल्ट में फिल्म की मांग सबसे ज्यादा है, जबकि कन्नड़ और तेलुगु वर्जन्स ने भी क्रमशः 4 करोड़ और 2 करोड़ से अधिक के टिकट बेचे हैं। विदेशों में भी रामायण को लेकर जबरदस्त माहौल है। उत्तरी अमेरिका में फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले, 4 नवंबर को पेड प्रिव्यू रखे गए हैं। सोमवार सुबह तक फिल्म ने ओवरसीज मार्केट से एडवांस बुकिंग में 3.9 मिलियन डॉलर (लगभग 32 करोड़) की कमाई कर ली है, जिसमें अकेले अमेरिका के पेड प्रिव्यू से आया 1.5 मिलियन से अधिक का कलेक्शन शामिल है। नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी यह फिल्म दो पार्ट में लाई जा रही है। इसका पहला पार्ट 5 नवंबर 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगा।



प्रेमी से मिलने जा रही युवती की करंट लगने से मौत, खेत में बिछी थी फेंसिंग



रीवा, यशभारत। रीवा जिले के जवा थाना क्षेत्र में प्रेम कहानी का दर्दनाक अंत हो गया। प्रेमी से मिलने के लिए रात के अंधेरे में घर से निकली 19 वर्षीय युवती की खेत में लगी लोहे की फेंसिंग में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। युवती की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने खेत मालिक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, युवती का प्रेम संबंध गांव से करीब दो किलोमीटर दूर रहने वाले एक युवक से था। दोनों की उम्र लगभग 19 वर्ष बताई गई है और वे एक ही समुदाय के थे। दोनों ने मुलाकात करने की योजना बनाई थी। तय कार्यक्रम के मुताबिक युवती रात में अपने घर से निकली और प्रेमी से मिलने के लिए खेत तक पहुंचने का प्रयास करने लगी। बताया जा रहा है कि रात करीब तीन बजे युवक खेत में युवती का इंतजार कर रहा था। खेत तक पहुंचने के लिए युवती को चारों ओर लगी फेंसिंग पार करनी थी। इसी दौरान उसने लोहे के तारों से बनी बाड़ को पार करने की कोशिश की। इसी बीच वह बाड़ी में फैले करंट की चपेट में आ गई। करंट का झटका इतना तेज था कि युवती की मौके पर ही मौत हो गई। अपनी प्रेमिका को करंट की चपेट में आते और दम तोड़ते देखकर युवक घबरा गया। घटना से बदहवास युवक ने तत्काल युवती के भाई को फोन किया। उसने फोन पर बताया कि उसकी बहन की करंट लगने से मौत हो गई है। अचानक मिली इस सूचना से भाई के होश उड़ गए। वह तत्काल परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हो गया। मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने युवती को मृत अवस्था में देखा। यह दृश्य देखकर परिवार के लोगों का बुरा हाल हो गया। कुछ ही देर में घटना की जानकारी आसपास के लोगों तक पहुंच गई और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बताया जा रहा है कि युवक और युवती दोनों एक ही समुदाय के थे और उनकी उम्र लगभग 19 वर्ष थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों मिलने के लिए खेत पर पहुंचे थे। जिस खेत में यह घटना हुई, वह एक पटेल समाज के व्यक्ति का बताया जा रहा है। खेत मालिक ने अपनी जमीन के चारों ओर लोहे के कंटीले तारों से फेंसिंग कराई थी। पुलिस के अनुसार, खेत की फेंसिंग में करंट प्रवाहित होने के कारण युवती उसकी चपेट में आ गई। इस मामले में खेत मालिक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि खेत की बाड़ में करंट किस तरह और किन परिस्थितियों में प्रवाहित हो रहा था। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि खेत की सुरक्षा के लिए लगाए गए इंतजामों में किसकी लापरवाही रही। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना प्रेमी ने ही युवती के भाई को दी थी। फिलहाल खेत मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। यदि मृतका के परिजन प्रेमी के खिलाफ कोई आरोप लगाते हैं, तो उसके आधार पर उसके विरुद्ध भी मामला दर्ज किया जा सकता है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तेल का बिल मांगने पर फायरिंग: बांदा शूटआउट का फरार आरोपी सतना से गिरफ्तार

राजेंद्र नगर की गली नंबर 10 में किराए के कमरे में छिपकर रह रहा था आरोपी, बांदा पुलिस को सौंपा गया



सतना, यशभारत। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में पेट्रोल पंप के सेल्समैन पर गोली चलाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को सतना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी शहर के राजेंद्र नगर स्थित गली नंबर 10 में किराए का कमरा लेकर रह रहा था। बुधवार रात सिटी कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बांदा पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंज सिंह (21), पिता महेंद्र सिंह, निवासी कुआं गांव, थाना कोलगवां, जिला सतना के रूप में हुई है। उसके खिलाफ बांदा के सिटी कोतवाली थाने में हत्या के प्रयास सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज बताया गया है।

पेट्रोल के पैसे मांगने पर किया था हमला

मामला 3-4 जुलाई 2025 की दरमियानी रात का है। बांदा के नरैनी रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर रात करीब 12 बजे बाइक सवार तीन नकाबपोश पहुंचे थे। उन्होंने बाइक में पेट्रोल भरवाया। जब पंप के सेल्समैन आशाराम ने उनसे भुगतान मांगा तो आरोपियों ने विवाद करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक आरोपी ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली आशाराम के सिर को छूते हुए निकल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए कानपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सूचना पर सतना पुलिस ने दी दबिश

घटना के बाद से ही बांदा पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान अंज सिंह की सतना में मौजूदगी की सूचना मिलने पर बांदा पुलिस ने स्थानीय सिटी कोतवाली पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद सतना पुलिस ने राजेंद्र नगर की गली नंबर 10 में दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद बुधवार रात बांदा पुलिस की टीम उसे अपने साथ उत्तर प्रदेश ले गई।

मनमोहक प्रस्तुतियों से सजा एकेडमी का दीपावली उत्सव

मातृ-शिशु युगल नृत्य प्रतियोगिता, भजन जैमिंग और कला प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र



मंडला, यशभारत। दीपावली के अवसर पर ब्रेन चाइल्ड एकेडमी प्रीस्कूल में दीपावली फिएस्टा : प्रकाश, प्रेम एवं एकजुटता का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के साथ उनकी माताओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रंगारंग प्रस्तुतियों और मनोरंजक गतिविधियों से पूरा परिसर उत्सवी माहौल में सराबोर रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रियंका उपाध्याय धोटे उपस्थित रहीं। समारोह में दीपावली आर्ट एग्जीबिशन, भजन जैमिंग, मनोरंजक दीपावली खेल, वर्ड्स इन ब्लूम और मातृ-शिशु युगल नृत्य प्रतियोगिता जैसे आयोजन किए गए। इनमें मां और बच्चे की नृत्य प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। प्रतियोगिता को दो श्रेणियों में आयोजित किया गया। पहली श्रेणी में कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के साथ भाग लिया, जबकि दूसरी श्रेणी में प्लेग्रुप से जूनियर केजी तक के बच्चों ने अपनी माताओं के साथ मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में भव्यदीप कछवाहा एवं चेतना मालवानी शामिल रहे। उन्होंने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करने के साथ उनका उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम में माताओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। मां और बच्चों ने मंच पर एक साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की इस पहल को माताओं ने सराहा और बच्चों के साथ मंच साझा करने का अवसर देने के लिए प्रबंधन के प्रति आभार जताया। आयोजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन और प्रतियोगिता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मां और बच्चे के बीच प्रेम, विश्वास और आत्मीयता के रिश्ते को और मजबूत बनाने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की सेंटर हेड शालिनी शुक्ला,एकेडमिक मैनेजर राशि पमनानी एवं स्कूल रिलेशनशिप मैनेजर मोनिका कछवाहा सहित संपूर्ण विद्यालय टीम का योगदान रहा। समापन पर विद्यालय

अवैध पटाखों का जखीरा जब्त, 1.10 लाख रुपये की सामग्री बरामद

मैहर, यशभारत। मैहर में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करने के मामले में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 1 लाख 10 हजार 150 रुपये के पटाखे जब्त किए हैं। मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बंडगइयाँ जी मोहल्ला, थाना कोतवाली मैहर क्षेत्र में संदीप गिरवानी (40), पिता धर्मदास गिरवानी, अवैध रूप से पटाखों का भंडारण कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस और तहसीलदार की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। जांच के दौरान मौके पर पटाखों का अवैध भंडारण पाया गया। इसके बाद संयुक्त टीम ने 1 लाख 10 हजार 150 रुपये मूल्य के पटाखों को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान भंडारण से संबंधित आवश्यक जांच भी की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 288 और विस्फोटक अधिनियम, 1884 की धारा 5/9बी के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई में मैहर कोतवाली थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, वंदना गर्ग और सोमेश सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

चुटका परियोजना : ग्रामीणों का आरोप, मिल रही धमकियां



मंडला, यशभारत। चुटका परमाणु परियोजना से प्रभावित ग्रामिणों ने टिकरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि विगत 2 नवंबर की रात लगभग 9 बजे तहसीलदार नारायणगंज, पटवारी और सरपंच कुंडा मोती लाल मार्को ने घर-घर जाकर लोगों को धमका रहे थे कि कल किसी भी कीमत पर गांव खाली कर गोंझी पुनर्वास स्थल जाना होगा। यह भी कहा जा रहा था कि अगर नहीं जाओगे तो फोर्स आकर गांव खाली कराया जाएगा। फोर्स तुम्हारे घर की बहु बेटियों के साथ जो करेंगे वो देख नहीं पाओगे।खासकर महिलाओं को धमकी दी जा रही थी कि तुम्हारे घर को फोर्स कब्जा कर लेगी।थाना प्रभारी टिकरिया को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि दीपावली त्योहार के पहले रात में आकर गांव वालों को धमकाना और गंदी भाषा का इस्तेमाल किया जाना अशोभनीय है।चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष दादु लाल कुडापे ने कहा कि चुटका एवं अन्य सर्बाधित ग्राम सभाओं ने सरकार के समक्ष 26 बिंदुओं के साथ सशर्त मंजूरी इस परियोजना को दिया है। परन्तु उसका परिपालन आज दिनांक तक नहीं हुआ है।हमलोग शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से सरकार के समक्ष अपनी बात रख रहे हैं। परन्तु अभी तक सरकार की तरफ से कोई समाधान नहीं निकाला गया है। कुडापे ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में जहां पेसा कानून और नियम लागू है तब सरकारी कर्मचारियों द्वारा इस तरह का आचरण कदाचार की श्रेणी में आता है।किस शासकीय अधिकारियों के निर्देश पर तहसीलदार द्वारा रात्रि में यह कृत्य किया गया है। इसकी जाँच होनी चाहिए। हम समस्त ग्रामवासी उपरोक्त शासकीय कर्मचारी पर दंडात्मक कार्यवाही की मांग करते हैं।इस ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर मंडला और पुलिस अधीक्षक मंडला को भी दिया गया है। ज्ञापन सोंपते समय चुटका महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीरा बाई मरावी,सोना बाई बरकडे, लीला बाई, सरिता बाई,तिराग बाई, मुन्नी बाई, श्रीवती तेकाम, अग्नि बाई,अनिता कुडापे, पूर्व सरपंच दयाल सिंह कोकडिया, तेजी लाल कोकडिया, बराती लाल बरकडे, गंजन परते, राम स्वरूप, संतराम, विपत लाल, लामू, झनक लाल, अशोक परते आदि

किसानों की समृद्धि : मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक ने वितरित किए 1.21 करोड़ रुपये



नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक ने किया वाटरशेड परियोजनाओं का भ्रमण

मंडला, यशभारत। किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने, कृषि गतिविधियों को प्रोत्साहन देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा निवास विकासखंड के किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों के हितग्राहियों को 1.21 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए। यह कार्यक्रम नाबार्ड एवं प्रदान संस्था द्वारा थानमगांव एवं पायलीबहुर में संचालित वाटरशेड परियोजनाओं के भ्रमण के दौरान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सी. सरस्वती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण किसान एवं महिला किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने वाटरशेड परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया। इनमें जल संरक्षण, पौधरोपण, मल्टीलेयर खेती तथा प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन से संबंधित गतिविधियां प्रमुख रहीं। इन कार्यों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने के साथ कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आजीविका को अधिक टिकाऊ बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने परियोजना क्षेत्र में संचालित गतिविधियों की जानकारी लेते हुए ग्रामीण समुदाय की भागीदारी और स्थानीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों को समझा।

पारंपरिक आदिवासी संस्कृति से अतिथियों का स्वागत

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं महिला किसानों ने पारंपरिक आदिवासी संस्कृति और लोकगीतों के माध्यम से अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। ग्रामीण परिवेश में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम ने ग्रामीणों, किसानों, बैंक अधिकारियों तथा विकास से जुड़ी संस्थाओं के बीच संवाद और सहभागिता का अवसर भी प्रदान किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों के हितग्राहियों को कुल 1.21 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए। ऋण वितरण का उद्देश्य किसानों को कृषि एवं आजीविका से जुड़ी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना तथा ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहयोग देना रहा। बैंक की इस पहल से कृषि कार्यों के विस्तार, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

किसानों को हाइड्रोजेल एवं स्प्रिंकलर सेटअप प्रदान

कृषि कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए नाबार्ड एवं प्रदान संस्था द्वारा किसानों को हाइड्रोजेल एवं स्प्रिंकलर सेटअप भी प्रदान किए गए। इन संसाधनों के माध्यम से खेती में नमी बनाए रखने तथा सिंचाई के पानी का अधिक व्यवस्थित उपयोग करने में सहायता मिल सकती है। विशेष रूप से उन क्षेत्रों में, जहां जल उपलब्धता और सिंचाई की सुविधा कृषि उत्पादन को प्रभावित करती है, ऐसी तकनीकों का उपयोग किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है।

सड़क पर जिंदगी थमी, अस्पताल में कागज़: हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

सतना, यशभारत। उचेहरा थाना क्षेत्र के कुंदहरी गांव के पास रामपथ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मैहर के पुरानी बस्ती उत्तर दरवाजा निवासी अजीत चौधरी के रूप में हुई है। वह सतना से मैहर लौट रहा था, तभी रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। हादसे के बाद युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी में रखवाया गया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी के बावजूद पोस्टमार्टम नहीं हो सका। सुबह से इंतजार कर रहे परिजन प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद में अस्पताल में रुके रहे। परिजनों का आरोप है कि बीएमओ डॉ. ए.के. राय के अवकाश पर होने के कारण पोस्टमार्टम में देरी हो रही है। उनका कहना है कि सुबह से इंतजार करने के बावजूद अब तक प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, जिससे परिवार के लोगों को परेशानी का

पिंडरई की पावन धरा पर गूंजेगी श्रीमद्भागवत की अलौकिक वाणी: 12 से 18 नवंबर तक होगा भव्य आयोजन

मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल से मिले पिंडरई के प्रतिनिधि, श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने का दिया आमंत्रण



मंडला, यशभारत। मध्यप्रदेश शासन के यशस्वी पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी के सानिध्य में गोटेगांव श्रीधाम मै आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पावन और आध्यात्मिक अवसर पर पिंडरई क्षेत्र से पहुंचे गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सर्वधर्म स्थाई प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस दौरान धर्मप्रेमियों ने कथा का रसपान करने के साथ-साथ संत शिरोमणि पूज्य गुरुदेव श्री विपिन बिहारी जी महाराज के श्रीचरणों में नतमस्तक होकर उनका अलौकिक आशीर्वाद प्राप्त किया। इस धार्मिक समागम के दौरान ग्राम पंचायत पिंडरई के लोकप्रिय उपसरपंच श्री जितेंद्र सिंह राजपूत एवं सर्वधर्म स्थाई प्रबंधन समिति पिंडरई के प्रमुख सदस्यों ने माननीय मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी और पूज्य गुरुदेव श्री विपिन बिहारी जी महाराज से आत्मीय भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 12 नवंबर से 18 नवंबर तक पिंडरई की पावन धरा पर आयोजित होने जा रही दिव्य एवं भव्य श्रीमद्भागवत कथा के लिए माननीय मंत्री जी एवं पूज्य गुरुदेव को सादर व ससम्मान आमंत्रित किया। माननीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पिंडरईवासियों के इस आत्मीय आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आगामी 12 से 18 नवंबर के बीच आयोजित होने वाली इस कथा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का पूर्ण आश्वासन दिया है। मंत्री जी के इस आश्वासन से पिंडरई क्षेत्र के श्रद्धालुओं में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल है। इस पावन भेंट के दौरान केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर भी सार्थक चर्चा हुई। उपसरपंच श्री जितेंद्र सिंह राजपूत ने माननीय मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के साथ ग्राम पंचायतों के अथक विकास, योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और ग्रामीण अंचल को सुदृढ़ बनाने को लेकर एक अहम चर्चा की। मंत्री श्री पटेल ने ग्रामीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए पिंडरई क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रभु श्री कृष्ण की असीम कृपा और आशीर्वाद से पिंडरई की पवित्र भूमि पर होने जा रहे इस महाआयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का वातावरण है। सर्वधर्म स्थाई प्रबंधन समिति पिंडरई के सदस्यों ने समस्त क्षेत्रवासियों, धर्मप्रेमियों और माताओं-बहनों से अपील की है कि वे 12 नवंबर से 18 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस श्रीमद्भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करें और धर्मलाभ उठाएं। इस आयोजन को लेकर समिति द्वारा आवश्यक तैयारियों को लेकर भी रूपरेखा बनाई जा रही है, ताकि कथा में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा सकें। आयोजन के दौरान धार्मिक प्रवचनों, भक्ति और आध्यात्मिक संदेशों के माध्यम से धर्मप्रेमियों को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं श्रीमद्भागवत के आदर्शों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। समिति ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से आपसी सहयोग, सामाजिक समरसता और उत्साह के





स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष कुमार शुक्ला द्वारा पी.जी. इंन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा. लि. प्लांट 18 इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई, जबलपुर से मुद्रित एवं 435 राजीव वार्ड सुभाष पार्क चौराहा कंदेली नरसिंहपुर से प्रकाशित स्थानीय संपादक विक्रांत पटेल * संपादक अम्बरीष तिवारी * एवं सलाहकार संपादक श्याम कटारे (फोन- 07792-231060) डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2025-27 *समाचार चयन के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार RNI No.MPHIN / 2015/64553 E-mail- narsinghpur@yashbharat.co.in (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)